दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, रविवार 8 नवम्बर 2020, कार्तिक कृष्ण पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-267 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

भारतीय सेना के सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने फिर एक बार पड़ौसी देश आतंकिस्तान को दो टूक शब्दों में कड़ी चेतावनी दी है कि वह अपने नापाक इरादों से तौबा करें वरना भारत उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने पर बाध्य होगा। सीडीएस की इस चेतावनी को आतंकिस्तान के हुक्मरान कोई तवज्जों देंगे ऐसा कतई नहीं लगता। दरअसल वह लातों का भूत है जो बातों से नहीं मानने वाला है। इसके पहले कि आतंकिस्तान भारत में किसी बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम दे उसके खिलाफ एक और बड़ी सर्जिकल सट्राइक कर पीओके में चल रहे आतंकी प्रशिक्षण कैंपों को नेस्तनाबूद कर दिया जाना चाहिए।

सभी एग्जिट पोल में बदलाव की बयार : इतिहास रचने जा रहे तेजस्वी

पटना ए.। बिहार विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम फेज के मतदान खत्म होने के साथ ही विभिन्न टीवी चैनलों और सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल्स आ गए हैं। सभी प्रमुख एग्जिट पोल्स ने नीतीश कुमार की विदाई दिखाई है, जबकि तेजस्वी यादव राज्य के नए मुख्यमंत्री बनते हुए नजर आ रहे हैं। वोट फीसदी के साथ ही सीटों की संख्या भी महागठबंधन की ज्यादा रह सकती है। एग्जिट पोल्स में महागठबंधन को सबसे ज्यादा सीटें 180 तक मिल सकती हैं, जबकि एनडीए को अधिकतम 128 सीटें तक दी गई हैं।

चैनल/ एजेंसी	एनडीए	महागठबंधन	लोजपा	अन्य
जन की बात	91-117	118-138	5-8	3-6
एबीपी-सी वोटर	104-128	108-131	1-3	4-8
न्यूज 18- टुडेज चाणक्य	55	180	-	8
इंडिया टुडे-एक्सिस	69-91	139-161	03-05	6-10

इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के सर्वे के मुताबिक बिहार में मुख्यमंत्री पत्र के लिए लालू यादव के बेटे और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव राज्य के 44 फीसदी लोगों की पसंद हैं। सर्वे की माने तो तेजस्वी यादव के राजनीतिक ग्राफ में तेजी से इजाफा हुआ है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री के चेहरे के रेस में मौजूदा सीएम नीतीश कुमार पीछे हो गए हैं।

बिहार में अंतिम चरण की 78 सीट के साथ विधानसभा की सभी 243 सीट के लिए मतदान हुआ समाप्त

पटना (वार्ता)। बिहार में तीसरे और अंतिम चरण की 78 सीट के साथ ही विधानसभा के सभी 243 निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया और आखिरी चरण में सबसे अधिक करीब 57 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सत्रहवीं बिहार विधानसभा के लिए राज्य में इस बार तीन चरण में मतदान कराया गया। 28 अक्टूबर को सोलह जिले के 71 विधानसभा क्षेत्र में हुए प्रथम चरण के मतदान में 55.59 प्रतिशत और दूसरे चरण में 03 नवंबर को 17 जिले के 94 विधानसभा क्षेत्र के मतदान में 55.70 प्रतिशत वोट पड़े। तीसरे और आखिरी चरण के चुनाव में अंतिम समाचार मिलने तक करीब 57 प्रतिशत वोटरों ने मतदान में हिस्सा लिया है। कुछ मतदान केंद्रों में शाम छह बजे के पहले जो मतदाता कतार में लग गए थे वहां अभी भी वोटिंग का कार्य जारी है और कुछ दूरदराज के इलाके से मतदान का आंकड़ा प्राप्त नहीं हुआ है।

मध्य प्रदेश में बच गई शिवराज सिंह चौहान की सरकार

भोपाल ए.। मध्य प्रदेश में विधानसभा की 28 सीटों के लिए हुए उपचुनाव के एग्जिट पोल आ गए हैं। आज तक न्यूज चैनल के एग्जिट पोल में बीजेपी को 16 से 18 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, कांग्रेस को 10 से 12 सीटें मिल सकती हैं। अन्य पार्टियों में बीएसपी को 1 सीट मिलने का अनुमान एग्जिट पोल में जताया गया है। एग्जिट पोल के अनुमानों के अनुसार उपचुनावों में बीजेपी को 46 फीसदी और कांग्रेस को 43 फीसदी मिल सकते हैं। खास बात यह है कि जिन 28 सीटों पर उपचुनाव हुए हैं, उनमें से 27 सीटें कांग्रेस के पास थीं। यानी उपचुनावों में कांग्रेस को 15 से 17 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। एग्जिट पोल के अनुमानों से यह भी स्पष्ट है कि एमपी में शिवराज सिंह चौहान सरकार को विधानसभा में आसानी से बहुमत हासिल हो जाएगा ।

धान खरीदी के फैसले को लेकर विपक्षी भाजपा को सीएम का जवाब

रमन किसानी के बारे में हमसे ज्यादा नहीं जानते : भूपेश

- हालात ऐसे कि चाह कर भी नहीं ले पाए फैसला
- भाजपा किसानों के नाम पर कर रही है सियासत
- जूट मिल बंद, हमें वक्त पर नहीं मिला बारदाना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। सरकार पर किसानों का धान खरीदने के लिए तय 1 दिसंबर की तारीख पर विपक्षी दलों का लगातार हमलावर बनने को लेकर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी तीखे शब्दों में पलटवार किया है। सीएम ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि किसानों की चिंता उन्हें नहीं है. वे महज किसान और धान खरीदी के मुद्दे में राजनीति कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह पर सीधा हमला करते हुए सीएम श्री बघेल ने चुनौती भरे अंदाज में कहा किसानी के बारे में हमसे ज्यादा नहीं जानते रमन सिंह। धान खरीदी के लिए 1 दिसंबर की तारीख मुकर्रर करने की वजह ऐसे हालात हैं जिसकी वजह से खरीदी चाहकर भी हमें बाद में करनी पड़ी। राज्य सरकार चाहती थी 1 दिसंबर से पहले किसानों का धान खरीदा जाए, लेकिन कोरोना की वजह से बंद जूट मिलों में उत्पाद ठप था, केंद्र सरकार से हमने जितना बारदाना मांगा था उससे नाममात्र ही हमें भेजा गया है। ऐसे में 48 हजार बारदाने में किस तरह धान खरीदी संभव होती।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वीकारा कि बारदाने की कमी की वजह से राज्य सरकार ने 1 दिसंबर से धान की खरीदी का फैसला लिया है। उन्हों ने यह भी स्वीकारा कि धान की खरीदी पहले हो जानी चाहिये, लेकिन अलग बारदाना ही नहीं होगा, जूट मिल से सप्लाई ही नहीं होगी, तो कैसे हम खरीदी कर लेंगे। सीएम बोले हमें जूट मिल से अगर 1 लाख गठान की सप्लाई हो गयी होती तो हम धान खरीदी कर लेते। अगर धान खरीदी हम कर भी लेते तो उसे रखते कहां? अभी हमारे पास जो पीडीएस का बारदाना है, मध्याह्न भोजन के आनाज का बारदाना है, किसानों और राईस मिलर्स के पास जो बारदाना है, उसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मांगे साढ़े 3 लाख, मिले 48 हजार बारदाने

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत सरकार से राज्य सरकार ने साढ़े 3 लाख बारदाने की जरुरत बताई थी। मांगा गया था साढ़े 3 लाख बारदाना, जबकि केंद्र से राज्य सरकार को फिलहाल 1 लाख 43 हजार बारदाना दिए जाने का आश्वासन दिया गया। अब तक केंद्र से महज 48 हजार बारदाना ही आपूर्ति की गई है। श्री बघेल का कहना है कि एक साथ बारदाना मिलने के साथ ही खरीदी शुरु की जाएगी। उन्हों ने बताया है कि पंजाब जैसे राज्य को अब तक बारदाना ही नहीं भेजा गया है।

लगातार बीजेपी कर रही है लामबंदी

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की तारीख 1 दिसंबर से करने पर भाजपा ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। वो सरकार के निर्णय को गलत बताते हुए सड़कों पर लामबंद होने की तैयारी भी कर रही है। दो दिन पहले कुछ किसानों ने भी एनएच को जाम कर दिया था। मजे की बात यह कि मरवाही उपचुनाव में भी किसानों की कटी फसल और उसे रखने की समस्या के साथ ही दिवाली के बाद धान खरीदी करने पर भाजपा ने सरकार को घेरने की कोशिश की है।

केरल में सरकारी मदद पर पढ़ेंगे कैदियों के बच्चे

तिरुवनंतपुरम (केरल) ए.। केरल सरकार ने जेल में बंद कैदियों के बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता के तौर पर 20 लाख रुपये के कोष को मंजूरी दी है। सामाजिक न्याय मंत्री केके शैलजा ने शनिवार को बताया कि बुनियादी शिक्षा के लिए 15 लाख रुपये को मंजूरी दी गई है जबकि पांच लाख रुपये की सहायता पेशेवर शिक्षा के लिए है। इसका मकसद इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाना है। मंत्री ने कहा कि जब परिवार का कमाने वाले ही जेल में होता है तो बेगुनाह बच्चों की शिक्षा रुक जाती है। योजना के तहत, उम्र कैद या मौत की सजा पाए कैदियों के बच्चों को पेशेवर पाठ्यक्रम करने के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाएगा।

आत्मनिर्भर भारत की सफलता के लिए नवाचार जरूरी : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दुनिया की वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर नवाचार की महत्ता बढ़ गई है और इसी नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। श्री मोदी ने शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के 51वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए इनोवेशन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना का यह संकटकाल दुनिया में बहुत बड़े बदलाव लेकर आया है। कोरोना के बाद दुनिया में बहुत अलग होने जा रहा है और इसमें बहुत बड़ी भूमिका तकनीक

की ही होगी। कोरोना ने हमें बहुत कुछ सिखाया। यह भी सिखाया कि वैश्विकरण तो जरूरी है, लेकिन उसके साथ आत्मनिर्भरता भी जरूरी है। आत्मनिर्भर अभियान हमारे युवाओं के लिए नए अवसरों के बारे में है ताकि वे अपने आविष्कारों को खुलकर सबके सामने ला सकें। वर्तमान समय में युवा नवाचार के माध्यम से करोड़ों देशवासियों के जीवन में बदलाव ला सकते हैं।

वन रैंक वन पेंशन के मामले में देश को गुमराह कर रही सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि 'वन रैंक वन पेंशन' के मामले में मोदी सरकार ने 30 लाख भूतपूर्व सैनिकों को निराश किया है और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा गृहमंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर फिर देश को बरगलाने का प्रयास किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा की वन रैंक वन पेंशन के मामले में मोदी सरकार षडयंत्रकारी प्रयास कभी कामयाब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 17 फरवरी 2014 को कांग्रेस सरकार के मंत्री पी. चिदंबरम ने एक अप्रैल 2014 से 'वन रैंक, वन पेंशन' स्वीकार करने की घोषणा की थी और उसी साल 26 फरवरी को 'वन रैंक, वन पेंशन' को लेकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर दिया था।

प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने सात नवंबर 2015 को नया आदेश निकाल जिसके तहत सेना के 30-40 प्रतिशत जवानों से 'वन रैंक, वन पेंशन' का हक़ पूरी तरह से छीन लिया।

खास- खबर

कोविंद ने दिलाई वाई. के. सिन्हा को मुख्य सूचना आयुक्त की शपथ

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने यशवर्धन कुमार सिन्हा को मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) की शनिवार को शपथ दिलाई। श्री कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में श्री सिन्हा को सीआईसी पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारी एवम् कर्मचारी भी उपस्थित थे।

वरिष्ठ पत्रकार हेमंत विश्नोई का निधन

नई दिल्ली (वार्ता)। वरिष्ठ पत्रकार हेमंत विश्नोई का शनिवार सुबह दिल्ली में उनके निवास पर निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थी। श्री विश्नोई गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। श्री विश्नोई छात्र जीवन में एबीवीपी में सक्रिय रहे और 1974 में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली जब दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गये श्री विश्नोई उनके साथ महासचिव निर्वाचित हुए थे।

सैनिक स्कूलों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा दस जनवरी को

नई दिल्ली (वार्ता)। सैनिक स्कूलों में दाखिले के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा दस जनवरी को होगी। रक्षा मंत्रालय ने आज इसकी घोषणा करते हुए कहा कि देश भर के 23 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में स्थित 33 सैनिक स्कूलों में छठी और नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेन्सी आगामी दस जनवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन करेगी।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 41893.06
निफ्टी- 12263.55
गोल्ड- 52168 (10 ग्रा.)
सिल्वर-65355 (1 कि ग्रा.)

अर्णब गोस्वामी को फिलहाल राहत नहीं

निचली अदालत के दरवाजे खुले हैं : बॉम्बे हाई कोर्ट

मुंबई ए.। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्णब गोस्वामी जेल में बंद हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने शनिवार को उन्हें त्वरित राहत देने के बजाए अंतरिम जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस एसएस शिंदे और एमएस कार्णिक की खंडपीठ ने कहा कि बिना कोई तारीख दिए वे जल्द से जल्द आदेश पारित करेंगे। कोर्ट ने कहा, 'हम जल्द से जल्द आदेश देंगे। हालांकि, मामले की स्थिति को देखते हुए आरोपियों को सत्र न्यायालय से रेगुलर बेल (नियमित जमानत) की गुहार लगाने से नहीं रोका गया है। गोस्वामी को इंटीरियर डिजाइनर अन्वय नाइक को कथित तौर पर खुदकुशी के लिए उकसाने के मामले में बुधवार को उनके लोअर परेल स्थित आवास से सुबह के समय गिरफ्तार किया गया था।

यूएस इलेक्शन : रिपब्लिकन पार्टी का नेवादा में मुकदमा खारिज

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका में नेवादा प्रांत के एक फेडरल न्यायाधीश ने रिपब्लिकन पार्टी के मुकदमे की सुनवाई से इनकार कर दिया है जिसमें मतपत्रों पर हस्ताक्षर और पर्यवेक्षक को कथित रूप से इससे दूर रखे जाने की जाँच के लिए एक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के उपयोग को चुनौती दी गयी थी। अमेरिकी न्यायाधीश एन्ड्रयू गोर्डन ने कहा, मैंने निर्णय लिया है कि वादी इस मामले में पर्याप्त कानूनी साक्ष्य और पर्याप्त उद्देश्य के साथ अदालत में नहीं आए हैं कि एक निषेधाज्ञा की असाधारण राहत प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है इसलिए मैं अस्थायी प्रतिबंध आदेश के प्रस्ताव को अस्वीकार कर रहा हूं। न्यायाधीश गोर्डन ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की कानूनी कार्यवाही अभी शुरू हुई : ट्रम्प

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि कई प्रमुख राज्यों में राष्ट्रपति चुनाव की कानूनी कार्यवाही अभी शुरू हो रही है और साथ ही श्री ट्रम्प ने डेमोक्रटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बिडेन को 'गलत' तरीके से जीत के दावे के खिलाफचेताया है। श्री ट्रम्प ने ट्वीट किया, जो बिडेन को गलत तरीके से राष्ट्रपति कार्यालय का दावा नहीं करना चाहिए। मैं भी वह दावा कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों को जागरूक करने की जरूरत : नायडू

नई दिल्ली (वार्ता)। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने किसानों को कृषि विविधीकरण और परंपरागत भारतीय तकनीक के संबंध में जागरूक करने पर बल देते हुए शनिवार को कहा कि पशुपालन , मछली पालन, और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने यहां आचार्य एन जी रंगा की 120 वीं जयंती समारोह ऑनलाइनसंबोधित करते हुए कहा कि फसल विविधीकरण के संबंध में किसानों को जागरूक कर उनकी आय में इजाफा किया जा सकता है। मछली पालन , पशुपालन, कीट पालन और खाद्य प्रसंस्करण आदि से किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है। यह सभी कृषि का ही अंग है. किसानों को खेती से इतर कृषि से जुड़े कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे किसानों की आय के नए स्त्रोत खुलेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को दलहन और तिलहन की खेती करने के अलावा नगदी फसलों के लिए भी प्रेरित किया जाना चाहिए।

कीर्तिमान — लिथुआनिया (1), लक्जमबर्ग (4) और अमेरिका (4) के उपग्रह भी शामिल

इसरो ने ईओएस-01 के साथ 9 उपग्रहों का किया सफल प्रक्षेपण

श्रीहरिकोटा ए.। भारत के नवीनतम भू-पर्यवेक्षण उपग्रह ईओएस-1 और अन्य देशों के 9 अन्य उपग्रहों को पीएसएलवी-सी49 ने शनिवार को यहां से प्रक्षेपण के बाद सफ्लतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिया है। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी49/ईओएस-01) ने 26 घंटों की उल्टी गिनती के बाद अपराह्न तीन बजकर 12 मिनट पर यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी।

इसरो ने कहा कि प्रक्षेपण का समय पहले 3 बजकर 02 मिनट तय किया गया था लेकिन यान के मार्ग में मलबा होने की वजह से इसमें 10 मिनट की

देरी की गई। यह इस साल भारतीय अंतरिक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इसरो के लिए यह मिशन बहुत खास और अलग : के सिवन

इसरो चीफके सिवन ने कहा महामारी के दौरान टीम इसरो ने कोविड गाइडलाइन के मुताबिक काम किया, गुणवत्ता से समझौता किए बिना। सभी इसरो कर्मचारियों का इस समय गुणवत्तापूर्ण काम वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने आगे कहा इसरो के लिए यह मिशन बहुत खास और अलग है। स्पेस एक्टिविटी 'वर्क फ्रॉम होम' से नहीं हो सकती है। हर एक इजीनियर को लैब में मौजूद होना होता है। इस तरह के मिशन में सभी तकनीशियन और कर्मचारी को साथ काम करना होता है।

खूबियां

इस लॉन्च में प्राइमरी सैटलाइट आईओएस 01 एक रेडार इमेजिंग सैटलाइट है। यह अडवांस्ड रिसैट है जिसका सिंथैटिक अपरचर रेडार बादलों के पार भी देख सकेगा। दिन हो या रात या कोई भी मौसम हो यह हर समय कारगर साबित होगा। इससे मिलिटरी सर्विलांस में मदद तो मिलेगी ही साथ ही खेती, वानिकी, मिट्टी की नमी मापने, भूगर्भ शास्त्र और तटों की निगरानी में भी यह सहायक साबित होगा।

मोदी ने इसरो को बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साथ दस उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण करने पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी है। श्री मोदी ने अपने ट्विट संदेश में कहा मैं इसरो और देश के अंतरिक्ष उद्योग को पीएसएलवी-सी49/ईओएस-01 मिशन के सफल प्रक्षेपण के लिए बधाई देता हूं। कोविड-19 महामारी के समय में हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक सीमाओं के बावजूद समयसीमा में लक्ष्य हासिल किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मिशन के दौरान अमेरिका और लक्जमबर्ग के चार-चार और लिथुआनिया का एक उपग्रह भी प्रक्षेपित किया गया।

भारतीय तट रक्षकों ने रोकी संदिग्ध नाव

म्यांमार के 12 लोग थे सवार

नई दिल्ली ए.। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में समुद्र के रास्ते 10 पाकिस्तानी आतंकी दाखिल हुए। इन आतंकियों ने 26 विदेशी समेत 166 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के बाद से समुद्र में भारतीय नौसेना ने चौकसी बढ़ा दी है। इंडियन कोस्ट गार्ड (भारतीय तट रक्षकों) ने अंडमान और नीकोबार द्वीप समूह के पास एक संदिग्ध नाव देखी इसमें म्यांमार के 12 लोग सवार थे। इस नाव को सबसे पहले एक हेलिकॉप्टर द्वारा देखा गया था। अब इसे पोर्ट ब्लेयर लाया जा रहा है ताकि नाव में सवार लोगों से उनका मकसद जाना जा सके।

न्यूज गैलरी

कल सामान्य सभा

दुर्ग। निगम की विशेष सामान्य सभा की बैठक 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे आदित्य नगर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे मंगल भवन में आहुत की गई है। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन द्वारा सामान्य सभा की बैठक को लेकर निगम अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है। बैठक में सांसद विजय बघेल, राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय, विधायक अरुण वोरा के अलावा सभी वार्डो के वार्ड जनप्रतिनिधियों को निगम द्वारा सादर आमंत्रित किया गया है।

पंजीयन आज

भिलाई.03। निगम भिलाई चरौदा क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो में श्रमिक पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। 08 नवम्बर को ग्राम सोमनी, मोरिद, गनियारी में निर्धारित समय में की जावेगी। पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ अपना श्रमिक पंजीयन करा लेवें।

आज निर्धनो के साथ दीवाली

भिलाई। ऑल इंडिया जैन जनरलिस्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ शाखा के सदस्यों द्वारा रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 8 नवंबर को प्रातः 9 से 11 बजे तक संचालित नयनदीप विद्या मंदिर सिविक सेंटर भिलाई एवं कादंबरी नगर स्थित प्रशामक गृह सेवा केंद्र में निर्धन महिलाओं बच्चों के साथ अपना समय व्यतीत करते हुए उनके साथ दीपावली मनाएंगे।

प्रोडक्ट खरीदी के लिए महापौर देंगे 2 माह की सैलरी

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने बड़ी पहल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने शहर की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनानेए उन्हें स्वरोजगार देने एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मदर्स महिला मार्केट का निर्माण करा रहे हैं। जिसमें 35000 महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने का अनुमान लगाया गया है। मदर्स महिला मार्केट में प्रोडक्ट की पहली खरीदी के लिए श्री यादव ने विधायक की 2 माह की सैलरी देने की घोषणा की है। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर मार्केट का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है। महिलाओं के लिए विशेष तौर पर बनाए जा रहे पावर हाउस के समीप महिला मार्केट में शहरवासियों को एक ही कैंपस में बेहतर खाद्य के प्रोडक्ट उपलब्ध कराने के लिए निगम सभागार में महिलाओं के द्वारा की जा रही तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में सिटी लेवल फेडरेशन की महिलाएं उपस्थित रहे। मार्केट के संचालन करने की कार्य योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इससे पूर्व निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़े अधिकारियों के साथ महापौर ने पृथक से बैठक लेकर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए कुछ बिंदुओं पर परिवर्तन के लिए निर्देश दिए। गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थ के प्रोडक्ट को विक्रय करने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग से पंजीयन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में उपायुक्त तरुण पाल लहरें, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस, मिशन मैनेजर एकता शर्मा, शिबा राबर्ट एवं सीएलएफ की महिलाएं मौजूद रही। सुपर बाजार एवं मॉल जैसी होंगी सुविधाएं महिलाओं के लिए बनाए जाने वाले मार्केट परिसर में हरियाली के साथ ही भवन का भीतरी हिस्सा पूर्णतः वातानुकूलित रहेगा इसे बड़े शॉपिंग मॉल के तर्ज पर बनाया जा रहा है, महिला समूह की बैठक व्यवस्था के साथ ही कैंटीन की सुविधा इस स्थल पर उपलब्ध होगी जिसका संचालन महिलाएं करेंगी। तकरीबन एक करोड़ 48 लाख की लागत से बनने वाले महिला मार्केट पूरी तरह से महिलाओं के लिए होगा।

पुरखा के सुरता कार्यक्रम आज

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोक कला सेवा संस्थान एवं जिला साहित्य एवं सांस्कृतिक कांग्रेस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के लोक कला मंच के सृजक दाऊ रामचंद्र देशमुख के प्रथम मंचन चंदैनी गोंदा के स्थापना दिवस पर 8 नवंबर को संध्या 4 बजे सिविल लाईन कसारीडीह स्थित लोक कला भवन में पुरखा के सुरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष अरुण वोरा, अध्यक्षता महापौर धीरज बाकलीवाल, विशेष अतिथि सभापति राजेश यादव, दिलीप षड़ंगी प्रदेशाध्यक्ष साहित्य व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ रायपुर उपस्थित रहेंगे। जिला साहित्य एवं सांस्कृतिक कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में चंदैनी गोंदा के वरिष्ठ साहित्यकार व लोक कलाकारों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग के कलाकारों द्वारा लोक गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी में प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, महामंत्री मनहरण साहू, बुधिया बाई, ललित ढीमर, जितेन्द्र तिवारी, सुशील केसरी, दीपक साहू, सुनील गोस्वामी, अमृत गायकवाड़, पार्वती कुर्रे एवं अन्य सदस्य जुटे हुए है।

निगम कार्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम के प्रस्तावित अस्थाई कार्यालय भवन का निरीक्षण कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने किया। वे लगभग 30 मिनट तक सेक्टर स्थित भिलाई इस्पात संयत्र के प्राथमिक शाला भवन में रहे। रिनोवेशन कार्य का अवलोकन करने के बाद कलेक्टर आम लोगों की सुविधाओं को देखते हुए अलग से एप्रोच रोड बनाने निर्देश दिए। गौरतलब है कि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने निगम क्षेत्र के विकास के लिए खाखा तैयार किया है। प्रस्तावित कार्यालय भी इसी का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि भिलाई निगम के विभाजन के बाद अलग हुए रिसाली निगम कार्यालाय पूर्व जोन कार्यालय क्रं. 6 में संचालित है। कार्यालय विस्तार करने के लिए प्रशासन ने सेक्टर स्थित बंद हो चुके बीएसपी के प्राथमिक स्कूल को विकल्प के रूप में चिन्हित कर रिनोवेशन कार्य शुरू किया है। इस कार्य का अवलोकन करने कलेक्टर ने बीएसपी स्कूल पहुंचे। इस दौरान अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, नोडल अधिकारी रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता आरके साहू, सहायक अभियंता बीके सिंह, उपअभियंता गोपाल सिन्हा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सुविधा जनक हो एंट्रेस

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि नगर पालिक निगम कार्यालय में आम लोगों की अवाजाही अधिक होती है। समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए लोग पहुंचते है। ऐसे में उन्हे किसी तरह का भटकाव न हो इसलिए अस्थाई कार्यालय का प्रवेश द्वार सुगम हो।

पांच स्थानों पर रहेगी पार्किंग की सुविधा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र में दीपावली त्योहार को शांति पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाये जाने हेतु यातायात व्यवस्था को पुलिस प्रशासन, निगम प्रशासन एवं व्यापारी संघ के संयुक्त प्रयास से पार्किंग व्यवस्था में बढ़ोतरी करते हुये महात्मा गांधी स्कूल की खाली भूमि, मारवाड़ी स्कूल की खाली भूमि, जिला अस्पताल टीबी हास्पीटल के पीछे की खाली भूमिए पशु औषधालय की खाली भूमि एवं शनिचरी बाजार पूर्व निगम कार्यालय की खाली भूमि को पार्किंग बनाया गया है। उक्त व्यवसाय से मार्केट क्षेत्र में यातायात की व्यवस्था कम होगी। तथा व्यापारियों एवं आम नागरिकों को जाम से भी निजात मिलेगा। वे आसानी से बाजार में खरीददारी कर सकेगें। प्रशासन की ओर से समस्त व्यापारी एवं बाजार आने वाले लोगों से अपील है कि वे अपनी वाहन चिन्हित किये गये पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। पुलिस प्रशासन द्वारा अव्यवस्थित रुप से बाजार के अंदर वाहन लेकर जाने वालों और कहीं भी वाहन को पार्किंग पर चालानी कार्य का सामना करना पड़ेगा।

महिला समृद्धि के सामने रिक्त भूमि में लगेगा अस्थायी दुकान

निगम द्वारा अस्थायी फटाका दुकान के लिए की अनुमति बाजार विभाग से दी जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार कोरोना संक्रमण की रोकथाम को देखते हुये आयुक्त इंद्रजीत बर्मन द्वारा अस्थायी फटाका दुकान के लिए स्थल का चयन किया। निगम द्वारा दीपावली त्योहार के अवसर पर फटाका दुकान शास.बहु. उ.मा.शा के पीछे मैदान में लगाया जाता था। कोरोना काल में सावधानियॉ बरतते हुये महिला समृद्धि बाजार के सामने रिक्त भूमि में व्यापारी अस्थायी फटाका दुकान लगा सकेगें। इच्छुक आवेदन एसडीएम के समक्ष जमा कर सकेगें।

देवेंद्र ने निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र अंतर्गत खुर्सीपार वार्ड 31 संत रविदास प्रांगण में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। कार्य की शुरुआत करने महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव तथा तुलसी साहू पहुंचे। उन्होंने मंदिर प्रांगण में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की पूजा की। ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले रास्ते पर सड़क के किनारे ही संत शिरोमणि गुरु रविदास की मंदिर स्थापित है। आस्था अनुरूप श्रद्धालु यहां पर आकर प्रतिदिन पूजा अर्चना करते हैं। समिति के लोगों ने भवन निर्माण की मांग महापौर से की थी, जिनके मांगों को स्वीकार करते हुए महापौर ने भवन निर्माण के लिए घोषणा की थी और कार्य स्वीकृत होने के बाद भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कर दिया। 10 लाख की लागत से बनने वाले भवन का कार्य मैसर्स वर्मा कंस्ट्रक्शन को दिया है और 4 महीने में कार्य पूर्ण करने कहा गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में एल्डरमैन नरसिंह नाथ, बबीता भैसारे, डी नागमणि, सुनील गोयल मौजूद रहे। मंदिर प्रांगण में समिति के लोगों की मांग अनुरूप बाउंड्री वाल चारों तरफ से किया गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए सिंटेक्स टंकी लगाई गई है! निर्मित होने वाले भवन में एक बड़ा हॉल होगा जिससे समिति के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न आयोजन के लिए स्थान मिल पाएगा! साथ ही इस भवन में एक कमरा और पुरुष एवं महिला के लिए पृथक.पृथक शौचालय निर्माण किया जाएगा। कार्य की स्वीकृति दिलाने के लिए समिति के अध्यक्ष शिवबचन भारती, सचिव विनोद भारती, कोषाध्यक्ष जगत किशोर, कार्यकारिणी अध्यक्ष भोला भारती, संरक्षक हीरालाल, सेवा समिति के अध्यक्ष महंगी रामा निराला, उपाध्यक्ष राम भवन निरंकारी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर विनोद, प्यारेलाल ने महापौर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सामान्य सभा के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आगामी 9 नवम्बर को होने वाली निगम सामान्य सभा की पहली बैठक में भाजपा पार्षदों की सदन में भूमिका व कार्यप्रणाली को लेकर पार्षदों कि भाजपा कार्यालय में औपचारिक बैठक हुई जिसमें नए पार्षदों को एजेंडे व अन्य विषयों कि जानकारी देते हुए जनहित के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाएं जाने का निर्णय लिया। पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने सभी पार्षदों को सदन चलने कि कार्यशैली बताते हुए कहा कि प्रजातंत्र में शहर पंचायत की उच्च सदन निगम की सामान्य सभा होती है। जहां प्रत्येक पार्षदों को न केवल अपने वार्डो की समस्याओं से संबधित बात रखने का अवसर मिलता है बल्कि वे जनता की आवाज बनकर शहर के सभी विषयों को तर्कसम्मत ढंग से उठाया जा सकता है इस दृष्टि से निगम में भाजपा पार्षदों की भूमिका आज पूरी तरह बदल चुकी है और जनता के प्रति जवाबदेही अब और अधिक बढ़ गई है इसलिए सत्ता पक्ष को घेरने व उनकी हर खामियों उजागर करने सभी पार्षदों को मुखर होकर एकजुटता से बात रखनी होगी इसके लिए नियम अधिनियम कि भी पूरी जानकारी जरूरी है अतः सामान्य सभा कि बैठक में जाने के पूर्व सभी विषयों पर पूरी तैयारी करे नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा ने कहा कि भाजपा के 16 पार्षद कही उन्नीस नहीं होंगे बल्कि बजट से लेकर तमाम मुद्दे पर सार्थक बहस करने के लिए तैयार है जनहित में सभी मुद्दे बेबाकी से उठाएंगे। बैठक में पार्षद गायत्री साहू, चन्द्रशेखर चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, नरेश तेजवानी, चमेली साहू, लीना देवांगन, मनीष साहू, अजित वैद्य, ओमप्रकाश सेन, पुष्पा वर्मा, शशी साहू, हेमा शर्मा, कुमारी बाई साहू, गुलाब वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का स्थापना दिवस संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त, संसदीय सचिव एवं विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर व कैलाश सोनी राज्य सचिव के दिशा निदेश मे एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल पदेन जिला कमिश्नर के मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 70वा स्थापना दिवस पर नव नियुक्त जिला मुख्य आयुक्त अविनाश चंद्राकर का स्वागत जीआर वर्मा वरिष्ठ स्काउटर के द्वारा स्काउटिंग परंपरानुसार स्कार्फ पहनाकर किया। विशिष्ठ अतिथि सरोजनी चंद्राकर, रामकमारी साहू, कल्पना स्वामी, संयुक्त संचालक संभागीय अधिकारी, पुष्पा पुरूषोत्तम सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग का स्वागत वरिष्ठ स्काउटर गाइडर के द्वारा स्कार्फ वागल व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गाइड व रेंजर द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। इस बैठक में तृतीय सोपान राज्य पुरस्कार एवं बिगनर कोर्स ऑनलाईन बिंदूओं पर विस्तार से चर्चा किया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400809

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री प्रकाश कुमार यादव आ. झुमुक लाल यादव निवासी रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 758/15, 759/14, 760/14 रकबा 0.017 हें/ 1830 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दुर्गेश साहू पिता ईश्वरी साहू निवासी जेवरा वार्ड क्रं. 20 तह. व जिला दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.न 08 रा.नि.मं. सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 80/9, 113/5 एवं 81/13 रकबा कुल 0.023 हें भूमि ईश्वरी साहू के नाम पर दर्ज है। भूमि स्वामी की मृत्यु दिनांक 16.07.2018 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.10.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् होने पर आपत्ति/ दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई.कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती नीलू शर्मा — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202010100400724

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती नीलू शर्मा पति श्री रामगोपाल शर्मा निवासी 17 ई सड़क 12 सेक्टर 02 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	167/5	0.015 हें 1400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका संध्या नायक पिता/ पति नारद प्रसाद नायक निवासी ग्राम कोहड़िया पो.गुधेली तह. बेरला जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम/शहर कुम्हारी प.ह.न. 53 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 167/70 रकबा 0.020 हें/ 2181 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका नीलू नायक पिता/ पति चन्द्रशेखर नायक निवासी ग्राम कोहड़िया पो. गुधेली तह. बेरला जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम/शहर कुम्हारी प.ह.न. 53 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 167/96 रकबा 0.02 हें/ 2210 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नीरज कुमार आ. अवध कुमार निवासी बानबरद तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर बानबरद प.ह.न. 29 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 603/2 रकबा 0.0900 हें/ 9787 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सीमा सुरेन्द्र बेलसरे पिता/ पति सुरेन्द्र मनोहरण राव बेलसरे निवासी महामाया पारा कुम्हारी तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर कुम्हारी प.ह.न. 53 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 137/161 रकबा 0.009 हें/ 1000 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कमिल एक्का आ. एम एक्का एवं अन्य 02 निवासी कुम्हारी तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर कुम्हारी प.ह.न. 53 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 300/12 रकबा 0.041 हें/ 4500 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अर्जुन कुमार वर्मा आ. स्व. रामकिशोर वर्मा निवासी वार्ड 10 शंकर नगर कुम्हारी तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर कुम्हारी प.ह.न. 53 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 167/135 रकबा 0.014 हें/ 1440 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बबलू कुमार पटेल आ. रामराज पटेल निवासी वार्ड 10 शंकर नगर कुम्हारी तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर कुम्हारी प.ह.न. 53 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 167/140 रकबा 0.012 हें/ 1215 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/ 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कुमारी बाई ध.प. अर्जुन सिंह निवासी ग्राम चिखली पोस्ट हिर्री तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर हिर्री प.ह.न. 20 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 4/3 रकबा 0.04 हें/ 4356 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.कोर्ट- 202010100700194

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गीतिका अमृत देशमुख पति श्री बालकृष्ण देशमुख निवासी आदर्श नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 704/50 रकबा 0.009 हें. भूमि को विक्रेता हिन्छलाल शुक्ला पिता स्व. केवला प्रसाद निवासी मां की कृपा राज जोन 03 दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.10.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21
ई.कोर्ट- 202010100700096

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निर्मला ढीमर पिता स्व. तुलसीराम ढीमर निवासी ग्राम बैजनाथ पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 684/47 (685/47) रकबा 0.007 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202011101000053

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- श्रीमती कमला ठाकुर
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कमला ठाकुर पति कन्हैया ठाकुर पता कोहका द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 3602 रकबा 0.020 हे. है जो उसके स्व. माता श्रीमती मति बाई बेवा विशाल अन्य के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामीनी श्रीमती मति बाई बेवा विशाल की मृत्यु दिनांक 17.04.2019 को हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में आप जांच प्रतिवेदन पेशी दिनांक 24.11.2020 के पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.11.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)**

■ न्यूज गैलरी

शहीद नंदकुमार पटेल की जयंती आज सभी जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में मनाई जाएगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नंदकुमार पटेल की जयंती 8 नवंबर रविवार को प्रदेश के समस्त जिला, शहर, नगर, ब्लाक कांग्रेस मुख्यालयों में मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त जिला, ब्लाक मुख्यालयों में प्रार्थना सभाएं, शहीद पटेल जी के मूर्ति, छायाचित्र पर माल्यार्पण, पुष्पाजंलि अर्पित करते हुये उनके व्यक्तिव एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठियां आयोजित करते हुये स्थानीय स्तर पर सुविधानुसार अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं नगरीय-निकाय, त्रि-स्तरीय पंचायत राज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित सक्रिय वरिष्ठ कांग्रेसजनों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन 8 तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी, हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पूरक परीक्षा के आवेदन हेतु फार्म विलंब शुल्क सहित 8 नवम्बर तक जमा किया जा सकता है। माशिमं के सचिव प्रो. व्ही.के. गोयल के अनुसार कुछ विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित तिथि 31 अक्टूबर तक फार्म नहीं भरे जा सके हैं, लिहाजा बोर्ड के निर्णय के अनुसार अब वंछित छात्र-छात्राएं विलंब शुल्क सहित 08 नवंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। शिक्षा मण्डल द्वारा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए पूरक परीक्षा 2020 के लिए विलंब शुल्क 550 रूपए के साथ 8 नवम्बर तक फार्म भरने की तिथि निर्धारित की है। पूरक परीक्षा की पात्रता रखने वाले छात्र 6 नवम्बर से 8 नवम्बर तक विलंब शुल्क के साथ फार्म भर सकते हैं।

रायपुर रेल मंडल परिचालन के क्षेत्र में 8वें स्थान पर पहुंचा

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के दो वरिष्ठ अधिकारियों को रेलवे राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित होने पर मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया। मंडल रेल प्रबंधक के दिशा निर्देशन में कार्य योजना अनुसार मंडल की विकासात्मक गति को देखते हुए वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ प्रकाश चंद्र त्रिपाठी एवं मंडल विद्युत इंजीनियर शशांक कोष्टा को 65 वां वार्षिक रेलवे राष्ट्रीय पुरस्कार 2020 से समानित किया जाएगा। यह पुरस्कार रायपुर रेल मंडल द्वारा विशिष्ट कीर्तिमान हासिल करने हेतु उनका चयन किया गया है।

महर्षि अरविन्द अध्यात्मिक चेतना के पुंज थे : सीएम भूपेश

मुख्यमंत्री शामिल हुए ''दी प्रोग्रेस ग्लोबल अवार्ड'' कार्यक्रम में

समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान

श्री अरविंदो योगा एन्ड नॉलेज फाउंडेशन द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं और शिक्षकों को किया गया सम्मानित

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि महर्षि अरविन्द अध्यात्मिक चेतना के पुंज थे। हमारे ऋषि मुनियों ने अपने तप और ज्ञान से जो अध्यात्मिक ऊंचाईयां प्राप्त की और जो अनुसंधान किए उनकी चर्चा युगों-युगों से विश्व पटल पर होती रही है और होती रहेगी। महर्षि अरविन्द ऐसी ही महान विभूति थे। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित ''दी प्रोग्रेस ग्लोबल अवार्ड'' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने श्री अरविंदो योगा एन्ड नॉलेज फाउंडेशन द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं और शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने फाउंडेशन द्वारा सम्मानित होने वाले सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। ÷द प्रोग्रेस÷ श्री अरबिंदो योग एवं नालेज फाउंडेशन उच्चशिक्षा की गुणवत्ता के लिए देश, विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों के प्राचार्यों, प्रोफेसर, सहा. प्राध्यापको, शिक्षकों, विद्यार्थियों के लिए अनेक पाठ्यसहगामी क्रियाओं जैसे अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय कार्यशाला, सेमिनार, यूथ कैम्प, एफडीपी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए हम अच्छे नागरिक तैयार नहीं कर सकते, शिक्षक शिक्षा के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने के साथ पूरे समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। श्री बघेल ने कोरोना काल में अध्यात्म के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। इस दौर में सबसे महत्वपूर्ण कार्य संक्रमण से बचाव करते हुए अपने जीवन को व्यवस्थित करना है। श्री बघेल ने कहा कि कोरोना से संक्रमित व्यक्ति की मनः स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। अनेक लोग अवसाद में आ जाते हैं। जिसका इलाज अध्यात्म के पास है। अवसाद से बचने के लिए ध्यान, योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने आयोजकों के आग्रह पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य शासन की महत्वाकांक्षी ''नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी'' योजना सहित शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित वैज्ञानिक डॉ. अनिल के. गुप्ता, श्री शंकरचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैंनेजमेनट एण्ड टेकनोलोजी, रायपुर के अध्यक्ष श्री निशांत त्रिपाठी, अरविन्दो फाउंडेशन की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था प्रोग्रेस के प्रबंध संचालक डॉ एस.एम.घोष और चेयरमेन डॉ.बी.के.स्थापक, नगर निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर विशेष अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा है। आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से चिंतित है। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में इस योजना से मदद मिलेगी।

मंत्री सिंहदेव ने किया 5 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का डिजिटल शुभारंभ

रायपुर के भनपुरी, राजातालाब और भाठागांव शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का 'हमर अस्पताल' में उन्नयन, सुबह 8 से रात 8 बजे तक ओपीडी सुविधा

बलौदाबाजार में छह नए स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों का ऑनलाइन लोकार्पण

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज प्रदेश के तीन शहरों में पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का डिजिटल शुभारंभ किया। इनमें रायगढ़ के दो, जगदलपुर के दो तथा भाटापारा का एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। उन्होंने सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बलौदाबाजार शहर में छह नए स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों का भी शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मंत्री ने रायपुर के तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों भनपुरी, राजातालाब और भाठागांव के 'हमर अस्पताल' के रूप में उन्नयन के बाद आज वहां नई सुविधाओं की शुरूआत भी की।

'हमर अस्पताल' के रूप में उन्नयन के बाद नई सुविधाएं

रायपुर के तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों भाठागांव, राजातालाब और भनपुरी के 'हमर अस्पताल' के रूप में उन्नयन के बाद आज से नई सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। इन केंद्रों में सवेरे आठ बजे से रात आठ बजे तक ओपीडी संचालित होंगी। यहां 42 तरह की जांच की सुविधा एवं 154 प्रकार की दवाईयों के साथ एक्स-रे और दंत चिकित्सा सेवा भी प्रदान की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि लोगों को ज्यादा और बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने गुढ़ियारी स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 'हमर अस्पताल' के रूप में उन्नयन इसी वर्ष मार्च में किया गया है।

उन्होंने रायपुर के काशीराम नगर और मठपुरैना तथा राजनांदगांव के लखोली में तीन नए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया। इनके निर्माण के लिए शासन द्वारा 75-75 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

श्री सिंहदेव ने लोकार्पण कार्यक्रम में जगदलपुर, रायगढ़, बलौदाबाजार, राजनांदगांव तथा रायपुर के भनपुरी व भाठागांव से वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज शुरू हो रहे इन नए स्वास्थ्य केंद्रों से स्थानीय स्तर पर करीब सात लाख की आबादी को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इन स्वास्थ्य केंद्रों की कमियों एवं खामियों से विभाग को अवगत कराते रहें जिससे उनमें सुधार कर लोगों को बेहतर सेवाएं मुहैया कराई जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी नए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारियों से वहां कार्यरत मेडिकल स्टॉफ और दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने अपने संबोधन के दौरान सर्दी के मौसम और लगातार त्योहारों को देखते हुए लोगों से कोविड अनुकूल व्यवहारों को अपनाने की अपील की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके लिए नागरिकों को प्रेरित करने कहा। संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री चंदन कश्यप, सांसद श्री दीपक बैज, विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, जगदलपुर की महापौर श्रीमती सकीरा साहू तथा संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस से लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

शिल्पकारों के सपने हो रहे साकार : मंत्री गुरु रूद्रकुमार

राज्य में 8000 शिल्पियों का डाटाबेस तैयार कर रोजगार से जोड़ने की कार्ययोजना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड शिल्पकारों के सपनों को साकार कर रहा है। मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा 8000 शिल्पियों का डाटा बेस तैयार कर उन्हें रोजगार मूलक कार्यक्रमों से जोड़ने कार्य योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के शिल्पकारों को रोजगार से जोड़कर राज्य के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने की अनवरत कोशिश की जा रही है।

ग्रामोद्योग संचालक श्री सुधाकर खलखो ने बताया कि छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड ने बीते 2 वर्षों में आज करोड़ों रुपए के हस्तशिल्प सामग्री का विक्रय किया है। उन्होंने बताया कि विकास योजनांतर्गत बोर्ड द्वारा 88 लाख रुपए आवंटित कर 519 शिल्पियों को लाभान्वित करने के साथ ही 171 हस्तशिल्पियों को औजार उपकरण एवं 05 शिल्पियों को कर्मशाला निर्माण हेतु अनुदान प्रदान किया गया। श्री खलखो ने बताया कि बीते दो वर्ष की इस अवधि में प्रशिक्षण अनुदान योजना अंतर्गत बोर्ड के समस्त केंद्रों के माध्यम से 98.33 लाख रुपए का व्यय करते हुए विभिन्न शिल्पकला से जुड़े 1168 हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि शिल्पी डिजाइन शिक्षा योजनांतर्गत अब तक 7 छात्रों की फीस का भुगतान किया गया है और वनवासियों द्वारा उत्पादित हस्तशिल्प सामग्रियों को देश-विदेश तक पहुंचाने और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए ट्राइफेड के साथ एमओयू किया गया है जिसके माध्यम से वनवासी शिल्पकारों की सामग्रियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया है।

सैर-सपाटा और बाजार...

गोबर के दीए, मूर्तियां, गमले और सजावटी सामान, मनोंरजन के साथ बूढ़ा तालाब में खरीददारी हुई आसान।

कार्यशाला | बीजेपी प्रांतीय मंडल शिविर : आज बृजमोहन और प्रेम प्रकाश ने किया मार्गदर्शन

विचारधारा आधारित एकमात्र दल है भाजपा : बृजमोहन

■ पार्टी के अच्छे कार्य और कांग्रेस के घोटाले भी बताए

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि आज के समय में विचारधारा के आधार पर काम करने वाला एकमात्र दल भारतीय जनता पार्टी है। भाजपा देश को विश्व के शिखर पर पहुंचाने के लिए कार्य कर रही हैं। देश की राजनीति के परिप्रेक्ष्य में बात करें तो हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार नहीं है तो कार्यकर्ताओं को चिंता करने और घबराने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा वह पार्टी है जो 02 सीटों से 303 तक पहुंच सकती है। इतिहास ग़वाह है, भाजपा धीरे-धीरे अपनी विचारधारा के आधार पर आगे बढ़ी है और आज देश का विश्वास जीतकर हम इस मुकाम पर हैं। देश के 16 राज्यों में हमारी सरकार है जिसकी कभी किसी ने कल्पना नहीं की थी। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी जैसे नेताओं के संघर्षों के बूते आज हम इस स्थिति में हैं कि देश में हमारी सरकार है। प्रदेश में हमारी सरकार रही है। श्री अग्रवाल यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में चल रहे तीन दिवसीय प्रांतीय मंडल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र को संबोधित कर रहे थे। भाजपा प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन के इस सत्र में सोशल मीडिया की बारीकियों की जानकारियां दी गयी। सोशल मीडिया के उपयोग व महत्व से जुड़ी बारीकियों जिसमें फेसबुक, व्हाट्सअप, टेलीग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब में संवाद स्थापित करने और एक्टिविटी बढ़ाने के टिप्स दिए गए। प्रशिक्षण में टेलीग्राम की उपयोगिया बताते हुए ज़्यादा-से-ज़्यादा टेलीग्राम का उपयोग करने प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान संगठन व राजनीतिक विचारधारा पर प्रकाश डालकर डिज़िटल और सोशल मीडिया के उपयोग में सकारात्मक छवि के दृष्टिकोण से सावधानी बरतने और भाजपा के मूल्यों, सिद्धांतों व विचारधारा का ध्यान रखने का आग्रह किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि हमने आपातकाल देखा है, संघर्ष किया हैं। हम सभी राजनीति के विद्यार्थी हैं। देश में मनमोहन सिंह की सरकार रही और कोयला से लेकर 2जी जैसे जितने भी स्कैम हैं, देश ने देखा। अटल जी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल के बाद पूरे देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में प्रखर नेतृत्व देखा। श्री मोदी जी ने दिखा दिया कि विकास के आधार पर सबका साथ सबका विकास से सब का विश्वास जीता जा सकता है। राष्ट्रवाद की भावना से कार्य किया जा सकता है, यह श्री मोदी ने साबित किया। देश के लोगों की भावना, देश की सोच और देशवासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप देश को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाया जा सकता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि हम वर्षों से नारा लगाते रहे जहां बलिदान हुए मुखर्जी वह कश्मीर हमारा हैं इस नारे को श्री मोदी के नेतृत्व में चरितार्थ भाजपा ने किया। धारा 370 को हटाने की कभी किसी ने कल्पना नहीं कि थी। राम मंदिर आंदोलन से राम मंदिर निर्माण ओर बढ़ते कदम हमारी विचारधारा का प्रमाण है।

गांधी के वक्तव्य के साथ कांग्रेस का वैचारिक अंत हो गया था- प्रेम प्रकाश

पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने 06 वर्षों में अंत्योदय के कार्य विषय पर बोलते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में हो रहे विप्लव में भटकाव के लिए कांग्रेस का निर्माण एक अंग्रेज द्वारा हुआ था और आज़ादी पश्चात गांधीजी के कांग्रेस को समाप्त कर देने के वक्तव्य के साथ कांग्रेस का वैचारिक अंत हो गया था। श्री पांडेय ने कहा कि राजनीतिक दलों की विचारधारा का उद्देश्य व्यक्ति का सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक विकास होता है। एक वर्ग पेट के अंदर क्या जाए, उसके लिए चिंतित है जबकि दूसरा वर्ग पेट कैसे अंदर जाए इसकी चिंता कर रहा है। कांग्रेस दूसरा वर्ग है, जिसके एक ख़ानदान और नेताओं ने समस्त प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया। लेकिन पिछले वर्षों में जबसे जनता ने कार्य करने का जनादेश दिया है तबसे भाजपा ने गाँव, गरीब, किसान, शोषित और वंचित लोगों के लिए कार्य प्रारंभ किया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता, जो अस्पृश्यता का विषय था, को एक जनांदोलन बना दिया। आज घर-घर में शौचालय बन गए। हज़ारों माताओं का जीवन चूल्हे के धुँए से काला हो रहा था, आज उन उनके घरों तक गैस चूल्हे पहुँच गए। श्री पांडेय ने कहा कि देश मे कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे मैं एक रुपये भेजता हूँ तो अंतिम व्यक्ति को 15 पैसे पहुँचता है। आज जनधन खातों के माध्यम 44 करोड़ खाते आम व्यक्तियों के खुले और अंतिम व्यक्ति तक सीधे वृद्धावस्था, विकलांग, निराश्रित पेंशन का पैसा पहुँचा।

RKC MUN शिखर सम्मलेन आज



रायपुर। RKC MUN 2020 का उद्घाटन सत्र सुबह 9.30 से आरंभ होकर दोपहर 1बजे तक चला। भोजनोपरांत सत्र 1.30 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक चला। सत्र में पारंपरिक समिति, गैरपारंपरिक समिति एवं दो विपदा सम्मलेन हुए।

इस सम्मलेन की 10 समितियाँ निम्नानुसार हैं-

1. ऐतिहासिक केन्द्रीय खुफ़िया एजेंसी 2. ऐतिहासिक भारत युद्ध परिषद 3. यूरोपियन फुटबॉल संगठन यूनियन 4. संयुक्त राष्ट्र सामान्य सभा(प्लेनरी) 5. मौसाद 6. फेडरल रिजर्व एवं मुख्य अमेरिकन बैंकों की आपात सभा(2008 आर्थिक विपत्ति समिति) 7.संयुक्त अनुसंधान समिति 8. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति 9.व्हाइट हाउस परिस्थिति कक्ष 10. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष की आपात बैठक एवं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत) अविनाश सिंह एवं उपप्राचार्य शिवेंद्र एन.एस.देव की गौरवमयी उपस्थिति उद्घाटन सत्र में रही।

इन छात्रों का योगदान उल्लेखनीय

ऋषि पिंजानी(सेक्रेटरी जनरल), कु. कनक काले(डायरेक्टर जनरल), कु. सौम्या पाठक(डिप्टी सेक्रेटरी जनरल), प्रेम मजीठिया (डिप्टी डायरेक्टर जनरल), कु.अक्षिता महेश्वरी (हेड ऑफ़डिज़ाइन), यश मजीठिया (सलाहकार), रुद्राक्ष लकरा एवं अधिराज विक्रम सिंह (मुख्य सलाहकार), विशेष आभार सुश्री मनदीप कौर का, जो कि मुख्य तकनीकी सलाहकार है।

धनतेरस

दिवाली का त्योहार धनतेरस से शुरू होकर भाई दूज तक चलेगा

दिवाली महोत्सव का पहला दिन

दिवाली का त्योहार धनतेरस से शुरू होकर भाई दूज पर समाप्त होता है। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि को धनतेरस सेलिब्रेट करते हैं। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी मनाते हैं, जिसे छोटी दिवाली भी मनाते हैं। कई लोग त्रयोदशी तिथि यानी धनतेरस के दिन प्रदोष व्रत रखकर भगवान शिव की अराधना करते हैं। चतुर्दशी तिथि को मास शिवरात्रि का व्रत रखते हैं। हालांकि इस साल तिथियों में भ्रम के कारण लोगों के बीच कंफ्यूजन है कि आखिर कब धनतेरस मनाया जाएगा, कब नरक चतुर्दशी और कब दिवाली सेलिब्रेट की जाएगी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि का आरंभ 12 नवंबर को रात 9 बजकर 30 मिनट पर हो रहा है। जो कि 13 नवंबर की शाम 5 बजकर 59 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि में धनतेरस 13 नवंबर को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस दिन ही प्रदोष व्रत रखना उत्तम होगा। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी तिथि का आरंभ 13 नवंबर को शाम 5 बजकर 59 मिनट पर हो रहा है। चतुर्दशी तिथि 14 नवंबर को दिन में 2 बजकर 18 मिनट तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार, उदया तिथि में ही व्रत या चतुर्दशी को मनाना चाहिए। ऐसे में इस साल 14 नवंबर को नरक चतुर्दशी मनाई जाएगी।

अमावस्या तिथि 14 नवंबर से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजकर 17 मिनट से अगले दिन 15 नवंबर को सुबह 10 बजकर 36 मिनट तक रहेगी। ऐसे में दिवाली 14 नवंबर को मनाई जाएगी। चूंकि दीपावली अमावस्या तिथि की रात और लक्ष्मी पूजन अमावस्या की शाम को होता है, इसलिए 14 नवंबर को ही महालक्ष्मी पूजन किया जाएगा। अमावस्या अगले दिन 15 नवबर को 10 बजे तक रहेगी। इसके अलावा धनतेरस त्रयोदशी तिथि 12 नवंबर 2020 की रात 09:30 बजे से लग रही है और 13 नवंबर तक रहेगी।

धनवंतरी महापुरूष

धनतेरस महोत्सव के बारे में एक बहुत ही दिलचस्प कहानी का कहना है कि एक बार राजा हिमा के सोलह साल का बेटा। उसकी कुंडली के अनुसार उसकी शादी के चौथे दिन पर एक साँप काटने से मरने के लिए बर्बाद हो गया था। उसकी शादी की है कि विशेष चौथे दिन पर उनकी युवा पत्नी उसे सोने के लिए अनुमति नहीं दी। वह अपने पति के ड्ढश्चद्बह्म्स्रश्चद्बह् के प्रवेश द्वार पर एक बड़ा ढेर में सभी गहने और सोने और चांदी के सिक्कों की बहुत सारी रखी और सभी जगह पर असंख्य दीपक जला दी। और वह कहानियों कह रही है और गाने गा पर चला गया। जब यम मृत्यु के देवता एक नागिन की आड़ में वहां पहुंचे उसकी आंखों उन प्रतिभाशाली रोशनी की है कि चकाचौंध से अंधे हो गया और वह राजकुमार के कक्ष में प्रवेश नहीं कर सका। तो वह आभूषणों और सिक्कों के ढेर के शीर्ष पर चढ़ गए और मधुर गीतों को सुन पूरी रात वहाँ बैठे थे। सुबह में वह चुपचाप चले गए। इस प्रकार युवा पत्नी को मौत के चंगुल से अपने पति को बचा लिया। तब से धनतेरस के इस दिन **Yamadeepdaan** के दिन के रूप में जाना जाने और दीपक रतालू, मृत्यु के देवता को श्रद्धामय आराधना में रात भर जलती रहे हैं आया। एक अन्य लोकप्रिय कथा, जब देवताओं और राक्षसों अमृत या अमृत, **Dhanavantri** (देवताओं के चिकित्सक और विष्णु का अवतार) के लिए समुद्र मंथन के अनुसार धनतेरस के दिन अमृत का घड़ा ले जाने में उभरा।

धनतेरस तैयारी

शुभ दिवस के अवसर पर, घरों और व्यावसायिक परिसर का जीर्णोद्धार और सजाया जाता है। प्रवेश द्वार धन और समृद्धि की देवी के स्वागत के लिए रंगोली डिजाइन के सुंदर पारंपरिक रूपांकनों के साथ रंगीन बना रहे हैं। उसे लंबे समय से प्रतीक्षित आगमन का संकेत करने के लिए, छोटे पैरों के निशान चावल का आटा और सभी घरों पर सिंदूर पाउडर के साथ तैयार कर रहे हैं।

धनतेरस के समारोह

धनतेरस बड़े जोश और उत्साह के साथ हिन्दू लोगों द्वारा मनाया जाता है। वे उसे घी दीये, भजन, भक्ति गीत, पारंपरिक मिठाई, रोली और आरती की नैवेघ अर्पण की पेशकश के द्वारा लक्ष्मी पूजा करो। लोग सुबह में स्नान ले, यहां तक कि कुछ लोगों को पूरे दिन के लिए उपवास रखने के लिए। वे देवी लक्ष्मी की पूजा के साथ सूर्यास्त के बाद उनके व्रत तोड़ने, और फिर वे स्वादिष्ट मिठाइयाँ, खीर, पुरी और सब्जी खाते हैं। कई लोगों को अपने नए व्यावसायिक परिसर का उद्घाटन, नई परियोजनाओं को शुरू करने, इस शुभ दिन पर कार, गहने, साड़ी, और बहुत अधिक चीजें खरीदते हैं।

धनतेरस त्यौहार के पीछे एक रोचक कहानी

वहाँ धनतेरस त्योहार का जश्न मना पीछे एक रोचक कहानी है। यह माना जाता है कि, एक बार एक समय पर, राजा हिमा के सोलह साल का बेटा सिर्फ अपनी शादी के चौथे दिन सांप के काटने से दूर पारित करने के लिए किस्मत में था। उनकी पत्नी बहुत चालाक था और वह अपने पति शादी के 4 दिन पर सोने के लिए अनुमति नहीं दी। वह कुछ सोने के गहने के साथ ही चांदी के सिक्के का एक बहुत की व्यवस्था करता है और उसके पति के द्वार पर एक बड़ा ढेर कर दिया। वह भी सब अपने पति की जगह के आसपास कई लैंप की मदद से प्रकाश बनाया है।

जब मृत्यु के देवता, (यम), एक साँप की उपस्थिति में अपने पति के लिए आया था, उसकी आँखें लैंप, चांदी के सिक्के और सोने के गहने के चमकदार रोशनी से अंधा हो गया। तो भगवान यम अपने कक्ष में प्रवेश नहीं मिल सका। फिर वह ढेर के शीर्ष पर चढ़ना करने की कोशिश की और उनकी पत्नी के सामंजस्यपूर्ण गीत सुनने के लिए शुरू कर दिया। सुबह सुबह, वह उसके पति को लेने के बिना दूर चला जाना था। इसलिए बहुत युवा और नवविवाहित पत्नी को मौत से उसके पति के जीवन

> शास्त्रों के अनुसार धनतेरस के दिन ही भगवान धनवंतरी सागर मंथन के बाद हाथों में स्वर्ण कलश लेकर उत्पन्न हुए। धनवंतरी ने कलश में भरे हुए अमृत से देवताओं को अमर बना दिया। धनवंतरी के उत्पन्न होने के दो दिनों बाद देवी लक्ष्मी प्रकट हुई, इसलिए दीपावली से दो दिन पहले धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार भगवान धनवंतरी देवताओं के वैद्य हैं और इनकी भक्ति और पूजा से आरोग्य सुख यानी स्वास्थ्य लाभ मिलता है। मान्यता है कि भगवान धनवंतरी विष्णु के अंशावतार हैं और संसार में चिकित्सा विज्ञान के विस्तार और प्रसार के लिए ही भगवान विष्णु ने धनवंतरी का अवतार लिया था।

को बचाया था। यही कारण है कि धनतेरस भी यमादीपदान के रूप में जाना जाता है। दीये या मोमबत्ती भगवान यम के संबंध में पूरी रात के दौरान प्रज्वलन रखा जाता है। एक और मिथक एक बहुत पहले देवताओं और राक्षसों अमृता या अमृत, कई दिनों के बाद भगवान विष्णु धनतेरस अमृत का एक जार होने के दिन पर बाहर आया था पाने के लिए सागर से हड़कंप मच गया है।



धनतेरस के लिए विशेष तैयारी

व्यावसायिक परिसर के लिए बहुत भाग्यशाली दिन है के लिए उत्साह के बहुत सारे के साथ इस दिन जल्द ही आने के लिए हर कोई इंतजार कर रहा है। वे पुनरुद्धार और नया पेंट, रोशनी, दीये, मोमबत्ती, फूलों और रंगोली के साथ अपने घरों या व्यावसायिक परिसर को सजाने। प्रवेश द्वार के क्रम में देवी लक्ष्मी (धन और समृद्धि की देवी) का स्वागत करने में रंगोली की रंगीन और पारंपरिक डिजाइन के साथ सजाया जाता है। वे लक्ष्मी की रेडीमेड छोटे पैरों के निशान उनके घर में जा रहा है या वे सिंदूर पाउडर में चावल के आटे के मिश्रण और सभी घरों में छोटे पैरों के निशान आकर्षित चिपके रहते हैं।

परंपराओं और धनतेरस के सीमा शुल्क

यह हिंदुओं के लिए एक महान त्योहार के रूप में वे सोने या चांदी के सिक्के, गहने, बर्तन और अन्य नई चीजें खरीद है। यह माना जाता है कि घर के लिए नई चीजें लाने अच्छी किस्मत की निशानी है। लक्ष्मी पूजा मिट्टी, भजन के छोटे दीये, और भक्ति गीत देवी लक्ष्मी का सम्मान करने के साथ दिन की शाम को आयोजित किया जाता है। छोटे दीये की रोशनी अर्थ है कि बुरी आत्माओं की छाया में घर से दूर ड्राइव करेंगे।

धनतेरस उपहार

धनतेरस खुशी के बहुत से हर साल आता है और हमारे जीवन में नई उम्मीद लाता है। शब्द 'दीवाली' रोशनी जो हर लोगों के जीवन में वास्तविक प्रकाश लाने की पंक्तियों का अर्थ है। यह परिवार के समारोहों, पूजा, उत्सव के लिए एक अच्छा समय है, उपहार बांटने और रात के खाने के साथ है। उनकी खाने की मेज के लिए एक बहुत खूबसूरत लग रही देने के लिए एक उपहार के रूप में बनारस खरीद पीतल के बर्तन में लोग।

धनतेरस पर हिंदु सोने या चांदी कम से कम एक या दो नए बर्तन खरीदते है

धनतेरस हिंदुओं यह शुभ सोने या चांदी के लेख या कम से कम एक या दो नए बर्तन खरीद करने के विचार पर। यह माना जाता है कि नई 'धन' या बहुमूल्य धातु के कुछ फार्म अच्छी किस्मत की निशानी है। लक्ष्मी-पूजा जब मिट्टी के छोटे दीये बुरी आत्माओं की छाया दूर ड्राइव करने के लिए प्रकाशित कर रहे हैं शाम में किया जाता है। भजन देवी लक्ष्मी की स्तुति में - **devotional** ह्यश्वठ्ठद्दह्य- भी गाए जाते हैं।

धनतेरस उत्साह और उत्साह के साथ मनाया जाता है। लक्ष्मी-पूजा जब मिट्टी के छोटे दीये बुरी आत्माओं की छाया दूर ड्राइव करने के लिए प्रकाशित कर रहे हैं शाम में किया जाता है। भजन आईआर देवी लक्ष्मी की प्रशंसा में भक्तिपूर्ण गाने गाए जाते हैं और नैवेघ अर्पण पारंपरिक मिठाइयों की देवी की पेशकश की है। महाराष्ट्र में एक अजीब कस्टम हल्के से गुड़ नैवेघ अर्पण के रूप में की पेशकश के साथ सूखी धनिया बीज पाउंड करने के लिए है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क्या कहूँ तेरी अद्भुत

क्या कहूँ तेरी अद्भुत माया को सांवरे कैसा खेल रचाते हो। बढ़ जाता है जब प्रेम भक्तों का तुम स्वयं मिलने चले आते हो। चलो आज फिर कोई दिया प्रेम दीप का जलाते हैं तुम हमे दिल मे सजाना हम तुम्हें दिल मे बुलाते हैं जब कोई नहीं था तब भी मेरा कान्हा था। जब कोई नहीं होगा तब भी मेरा कान्हा होगा।

- श्री मंजू

तू ही बता मुझे कैसे

तू ही बता मुझे कैसे हो गुजारा तन्हा हिसाब इश्क का अधूरा हमारा तन्हा बांस डोली के साथ तू ही लेने आया था मांग को तूने ही तो मेरी संवारा तन्हा किस गली किस नगर को अब हो ठिकाना मेरा रह गया दिल मिरा ये अब तो बेचारा तन्हा मरूं मैं दर पे तेरे अब तो यही हसरत है जाना वापस नही है मुझको गवारा तन्हा।

- रानी इन्दु

ख़ास पाती | आम जनमानस का जितना हो

आम जनमानस का जितना हो नुकसान। सत्ताधारी देशभक्ति का करते हैं फरमान। सरकारी संपत्ति को अपना मान बैठकर, क्रेता बन बेचें राष्ट्रभक्त का यह अरमान। अब तो नकली राष्ट्रवादी विचरण करते हैं। राष्ट्रभक्ति का ढोंग मचाकर स्वपेट भरते हैं। इनके लिए न देश है अपना न ही जनता है, चंद लोग के हाथ देश बेचने के लिए मरते हैं। असत्य को सत्य से जोड़कर दिखलाते हैं। मानव को मानवता दिखा,अलग सताते हैं । कब तक चलती रहेगी बनावटी राष्ट्रभक्ति , परतंत्र का नींव डालकर स्वतंत्र बतलाते हैं। **- रमेश कुमार सिंह**

रुपहले ओस की मोतियों मे

रुपहले ओस की मोतियों में, झलकती है आसमान की लाली, मधुर चूड़ियों की खनखनाहट भरी स्वप्नों के बोझ से लदी रात अब जा रही है। डाल पर बैठी बुलबुल चहकती हुई कहती है 'ऐसे ,,,देखो! एक नई प्रभात आई है नई सन्देशा लाई है धुंध अब छंट चुका है अपने परों को फैलाकर उड़ने को हो जाओ तैयार।। क्योकि गढ़ना है तुमको नया इतिहास। देती दिलासा वह क्रोड़ में दुबके खग शिशुओं को। **- डा. दुलारी चंद्राकर**

कहां से कहां तक कहां आ गए

कहां से कहां तक कहां आ गए। चलते-चलते मंजिलों के निशान पा गए।। मिला हमसफर तो सफर आसान हुआ। यही एक तोहफा जिंदगी से पा गए।। धूप के सफर में मखमली-सा एहसास। और अंधेरी रात में चांदनी-सा प्रकाश दम घुटते दस्तूरों में, बोझिल परंपराओं में तुम्हारा साथ निभाने का दिल का प्रयास कहां से कहां तक कहां आ गए। चलते-चलते मंजिलों के निशान पा गए।।

- कमल कांत डोंगरे

न जाने क्यूँ इस बरस तो

न जाने क्यूँ इस बरस तो चाँद कुछ नखरीला सा रहा पी पराली मदिरा बाटली कुछ नशीला सा रहा इश्क तो हमेशा करता रहा हुस्न का इंतज़ार। मगर चौथ की रात इश्क ही कुछ हठीला सा रहा।।

- रजनी रामदेव

मया मरम अउ मीठ बोली जस देबे

मया मरम अउ मीठ बोली जस देबे तस पाबे जेन पिरित के संगी होही तेला तब पोगराबे कतकों होवय कंचन काया या दौलत के ढेरी फेर म एकर पर जाबे त जीवन भर पछताबे।

- कवि सुशील भोले

पत्थर खाकर सोचिये ये कोविड

पत्थर खाकर सोचिये, ये कोविड संकेत । देते सेवा मर रहे,क्या ये नेता देत ।। क्या ये नेता देत, सुनो जी उनकी गाली । माली हालत देख, अभी तो झोली खाली ।। मत कर तू बदनाम,चलो अब लेकर गट्ठर । सेवा का उपहार, समझ लो पत्थर खाकर ।।

- नवीन कुमार तिवारी

ये ठीक नहीं शाम ढले शाम

ये ठीक नहीं शाम ढले शाम से पहले कुछ काम तो कर लीजिए आराम से पहले क्या खूब सिला आपने ये आज दिया है बदनाम किया खुद ही हमें नाम से पहले नज़रों ने किया आपकी ऐसा ये असर है मदहोश हुआ जाए ये दिल जाम से पहले। **- शुचि 'भवि'**

QUIZ TIME

1) 1857 में सिपाही विद्रोह या भारत की आजादी के प्रथम युद्ध के समकालीन छत्तीसगढ़ का नेतृत्व किसने किया था?

2) महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय प्रदेश के किस स्थान पर स्थापना करने की घोषणा की गई है?

3) किस महीने में इस राज्य की समस्त करद रियासतें भारतीय संघ में सम्मिलित की गई?

4) छत्तीसगढ़ में मराठा प्रभुत्व काल में किस सूबेदार के समय पिण्डारी उपद्रव प्रारंभ हुआ?

5) वीर जवान का नाम बताइए जो भारत-चीन सीमा पर लद्दाख के गलवान घाटी के दोनों देशों के सैनिक के बीच हुए हिंसक झड़प में शहीद हो गए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) वीर नारायण सिंह (2) सांकरा (दुर्ग) (3) जनवरी, 1948 (4) बीकाजी गोपाल (5) गणेश राम कुंजाम

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1661 - सिख धर्मगुरु हर राय का निधन हुआ। 1945 - हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई। 1956 - संयुक्त राष्ट्र(संरा) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की। 1957 - ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया। 1967 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1992 - जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया। 1998 - बंगलादेश के प्रथम प्रधानमंत्री शेख़मुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड। 1999 - राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। 2008 - भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान-1 चन्द्रमा की कक्षा में पहुँचा। 2013 - फिलीपींस के हेनान प्रांत में विनाशकारी चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत। 2013 - सोमालिया के मोगादिशू में कार बम धमाके में 11 लोगों की मौत। 2016 - भारत सरकार ने बड़े नोटों को विमुद्रीकरण किया और 500, 1000 के नोट बंद कर 2000 के नए नोट जारी किए गए।

अजय देवगन के निर्देशन में फिल्म करेंगे अमिताभ बच्चन

नई दिल्ली। अजय देवगन और अमिताभ बच्चन एक फिर बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म की घोषणा ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने की है। उन्होंने इंस्टाग्राम के जरिए जानकारी दी है कि अजय देवगन और अमिताभ साथ में एक फिल्म करने जा रहे हैं जिसका नाम है मेडे। इस फिल्म में अजय देवगन पायलट के रोल में नजर आएंगे। दोनों सितारों ने 7 साल पहले फिल्म सत्याग्रह में काम किया था। इस फिल्म को लेकर एक और ट्विस्ट है और वह है कि इस फिल्म का निर्देशन और प्रोडक्शन अजय देवगन ही करेंगे। यह पहली बार होगा जब अजय देवगन के निर्देशन में अमिताभ बच्चन काम करने जा रहे हैं। दिसंबर में इस फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में शुरू होगी। एक सोर्स ने बताया कि जब अजय देवगन इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे थे तो उनके दिमाग में सबसे पहला नाम अमिताभ बच्चन का आया।

शाहरुख के फैन हैं राजकुमार राव

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने टैलेंट के दम फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है। हर फिल्म में उनके काम को बहुत सराहा जाता है। राजकुमार ने बताया कि वह शाहरुख खान को देखते हुए बड़े हुए हैं और उनकी वजह से ही उन्होंने एक्टर बनने का फैसला लिया था। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार मुंबई आए थे तो शाहरुख की एक झलक पाने के लिए उनके घर के सामने घंटों खड़े थे।

बॉम्बे टाइम्स के साथ इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव ने कहा, 'मैं शाहरुख खान को बहुत प्यार करता हूं। मैं उनकी वजह से एक्टर बना हूं। गुड़गांव में रहने के दौरान मैं उनकी मिमिक्री किया करता था। जब मैं कक्षा 11वीं था तब मैं पहली बार मुंबई आया था। मैं बांद्रा गया और मन्नत (शाहरुख खान का घर) के सामने घंटों खड़ा रहा। सोचा कि शायद मुझे उनकी एक झलक देखने को मिल जाएगी।' दिलचस्प बात है कि राजकुमार के एक्टर बनने के बाद उनका शाहरुख खान से मिलने का सपना पूरा हो गया है। इस बारे में बताते हुए राजकुमार राव ने कहा, 'जब मैं एक्टर बन गया। तब मुझे उनसे उनके घर पर मिलने का मौका मिला। हां, इसके बाद मेरी उनसे कई बार मुलाकात हुई है। शाहरुख काफी चार्मिंग इंसान हैं। वह आपको स्पेशल फील कराते हैं। जो भी उनसे मिले हैं वे इस बात को जानते हैं।

तापसी पन्नू ने शुरू की लूप लपेटा और रश्मि रॉकेट के लिए डाइटिंग

नई दिल्ली। दिल्ली के लोगों के फेवरेट रेसिपी में छोले भटूरे का स्थान प्रमुख है। अभिनेत्री तापसी पन्नू ने एक बार फिर से इस बात को साबित कर दिया है। दरअसल तापसी अपनी आने वाली दो फिल्मों, रश्मी रॉकेट और लूप लपेटा के लिए सख्त डाइट का पालन कर रही हैं ताकि वह बिलकुल शेप में रहें। हाल ही में तापसी ने हसीन दिलरुबा की शूटिंग खत्म की है। इसमें वह रानी कश्यप की भूमिका निभा रही हैं। रश्मी रॉकेट एक स्पोर्टस ड्रामा फिल्म है जिसके लिए तापसी का फिट रहनी बहुत जरूरी है। इसमें वह एक गुजराती एथलीट की भुमिका में नजर आएंगी। तापसी की फिल्म लूप लपेटा, जर्मन क्लासिक रन लोला रन का हिंदी रूपांतरण है। मुंबई मिरर को दिए एक इंटरव्यू में तापसी ने बताया, 'इस वक्त मैं सीमित मात्रा में ही खाना खा रही हूं। वह भी ऐसा जिसकी मुझे आदत नहीं है। मैं कोशिश करती हूं कि इस डाइट का दुख न करूं। ये की जा सकती है। मुझे मीठा बहुत पसंद नहीं है लेकिन हां मैं खाने की शौकीन हूं। तले स्नैक्स और मिर्ची वाला खाना मुझे बहुत पसंद है। मैं इंतजार कर रही हूं इसके पूरा होने का ताकि नए साल का स्वागत मैं छोले-भटूरे खाकर कर सकूं।' इस समय तापसी एक न्यूट्रीशनिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, ट्रैक ट्रेनर, एथलेटिक्स कोच और जिम ट्रेनर की मदद से खुद को शेप में रखने की ट्रेनिंग ले रही हैं। तापसी ने कहा, मैं ढाई महीनों से ट्रेनिंग ले रही थी और जैसा शेप चाहिए था, उसमें आने वाली भी थी।

अक्षय कुमार ने की ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति नजरिया बदलने की अपील

नई दिल्ली। अक्षय कुमार ने बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इस पहचान के माध्यम से वे समाज के ऐसे मुद्दों पर सहज होकर बात करते हैं, जिनपर आम जिंदगी में लोग कम ही बात करना चाहते हैं। पैडमैन, टॉयलेट जैसी फिल्में करने के बाद अब 9 नवंबर को अक्षय की फिल्म 'लक्ष्मी' रिलीज होने जा रही है। ये फिल्म डिज्नी हॉट स्टार पर रिलीज होगी। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें अक्षय एक ट्रांसजेंडर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

शिकायत के समाधान में 30 कामकाजी दिवस से अधिक समय नहीं लगे

निवेशकों की शिकायतों का समाधान 15 दिन में करना होगा: सेबी

नई दिल्ली। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को कहा कि शेयर बाजारों को निवेशकों की शिकायतें मिलने के बाद उसका समाधान 15 कामकाजी दिवस के भीतर सुनिश्चित करना होगा। सेबी ने एक परिपत्र में कहा कि इस कदम का मकसद निवेशक शिकायत समाधान प्रणाली को मजबूत बनाना है।नियामक ने यह भी कहा कि निवेशक शिकायत समाधान समिति (आईजीआरसी) सूचना के अभाव और मामले की जटिलता का हवाला देते हुए शिकायत को निरस्त नहीं करेगी।

सेबी ने कहा कि इसके अलावा आईजीआरसी का खर्च का वहन संबंधित शेयर बाजार करेंगे और शिकायतकर्ता से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। नियामक ने कहा, शेयर बाजार यह सुनिश्चित करेंगे कि निवेशकों से शिकायतें प्राप्त होने के बाद उसका समाधान 15 कामकाजी दिवस के भीतर हो। अगर शिकायतकर्ता से कोई अतिरिक्त सूचना और जानकारी की जरूरत है, वह शिकायत प्राप्त करने के सात कामकाजी दिवस के भीतर मांगी जाएगी।

साथ ही शेयर बाजारों को 15 कार्यदिवसों के भीतर निपटाए गए सभी शिकायतों का रिकार्ड रखना होगा। अगर शिकायत का समाधान निर्धारित 15 दिन के भीतर नहीं होता है, तब उसके कारण को रिकार्ड में रखना होगा।हालांकि, अगर शिकायकर्ता मामले के समाधान से संतुष्ट नहीं है तो लिखित में कारणों के साथ प्रकरण आईजीआरसी के पास भेजा जा सकता है। सेबी ने कहा, यह शेयर बाजारों की जिम्मेदारी होगी कि वह शिकायतों का समाधान समय पर सुनिश्चित करने के लिए सदस्य या शिकायकर्ता से प्राप्त दस्तावेज/जरूरी सूचना तथा जरूरी मदद आईजीआरसी को उपलब्ध कराए। आईजीआरसी द्वारा शिकायतों के समाधान के संदर्भ में सेबी ने कहा कि समिति के पास सुलह प्रक्रिया के जरिये निवेशक की शिकायत के समाधान के लिये 15 कार्य दिवस का समय होगा। अगर आईजीआरसी को अतिरिक्त सूचना की जरूरत है, वह शेयर बाजार से उसकी मांग कर सकता है। वैसे मामलों में जहां अतिरिक्त सूचना मांगी गई है, शिकायत के समाधान में 30 कामकाजी दिवस से अधिक समय नहीं लगना चाहिए। मध्यस्थता मामले में सेबी ने कहा कि सदस्य और निवेशक के बीच अगर कोई विवाद होता है।

यूनियन बैंक को 517 करोड़ रुपये का मुनाफा

नई दिल्ली (वार्ता)। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 517 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसको 1194 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि सितंबर में समाप्त इस दूसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय 6293 करोड़ रुपये रही जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 5934 करोड़ रुपये की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है। समान अवधि में बैंक की अन्य आय 2308 करोड़ रुपये रही जो वर्ष 2019-20 की समान अवधि में 1143 करोड़ रुपये रही थी। दूसरी तिमाही में बैंक ने 4141 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि के 3855 करोड़ रुपये की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है।

पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 36वें दिन स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोविड-19 के विश्व के कई देशों में फिर जोर पकड़ने और लॉकडाउन लगाने से तेल की मांग घटने की आशंका के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को लगातार 36वें दिन भी कोई बदलाव नहीं हुआ। घरेलू बाजार में डीजल के दाम में अंतिम बार कटौती दो अक्टूबर को हुई थी,जबकि पेट्रोल की कीमत पिछले 46 दिन से स्थिर हैं। पेट्रोल की कीमत में आखिरी

बार 22 सितंबर को सात से आठ पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई। तेल विपणन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपये जबकि डीजल 70.46 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल 87.74 रुपये प्रति लीटर और डीजल 76.86 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। कोलकाता में पेट्रोल 82.59 रुपये प्रति लीटर और डीजल 73.99 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 84.14 रुपये प्रति लीटर और डीजव 75.99 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही।

उद्यम में 11 लाख से अधिक उद्योग पंजीकृत

नई दिल्ली (वार्ता)। छोटे कारोबारियों को मदद देने के लिए शुरू की गई उद्यम पंजीकरण प्रक्रिया में 11 लाख से अधिक छोटे उद्योग अपना पंजीकरण करा चुके हैं और इनमें लगभग पौने दो लाख महिला उद्यमी है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि एक जुलाई, 2020 शुरू की गई उद्यम पंजीकरण की नई ऑनलाइन प्रणाली समय और प्रौद्योगिकी की कसौटी पर पूरी तरह से खरी उतरी है क्योंकि इस पर 11 लाख से अधिक छोटे उद्योग सफलतापूर्वक अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

आंकडों के अनुसार लगभग 3.72 लाख उद्यमों ने विनिर्माण श्रेणी के तहत पंजीकरण किया है जबकि सेवा क्षेत्र के तहत 6.31 लाख उद्यम पंजीकृत हुए। सूक्ष्म उद्यमों की हिस्सेदारी 93.17 प्रतिशत है।

सेल को दूसरी तिमाही में 393 करोड़ रुपये लाभ

नई दिल्ली (वार्ता)। इस्पात बनाने वाली कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने मौजूदा वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में 393.32 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसको 342.82 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस वित्त वर्ष के शुरुआती महीनों के दौरान कोविड-19 की महामारी से उपजे नकारात्मक प्रभावों का सामना करते हुए, वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में मुनाफ़ा दर्ज किया, जो दिखाता है कि कंपनी ने किस तरह से तेजी से रफ़्तार पकड़ रही अर्थव्यवस्था ने जोरदार वापसी करने के साथ बेहतर प्रदर्शन भी किया है।

विंक म्यूजिक पर भारत की सबसे बड़ी दिवाली पार्टी का आयोजन

नई दिल्ली। नवरात्री नाइट्स ऑनलाइन कन्सर्ट सीरीज की शानदार सफलता के बाद और दर्शको की जबर्दस्त डिमांड पर भारत का नंबर 1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप विंक म्यूजिक 5 नवंबर से 8 नवंबर, 2020 हर शाम 6:30 बजे दिवाली पार्टी कन्सर्ट आयोजित कर रहा है। ऑनलाइन म्यूजिक कन्सर्ट फेस्टिव 'जज्बे के साथ कस्टमर की दिवाली की खुशिया दोगुनी हो जाएगी। इससे दर्शक अपने घरो मे सुरक्षित रहते हुए अपने दोस्त और परिजनों के साथ दिवाली का जश्न मना पाएगे।

विंक म्यूजिक की दिवाली पार्टी में अमित त्रिवेदी, बेनी दयाल, डीजे सुकेतु और हार्डी संधू सहित कई टॉपकलाकार अपनी लाइव परफॉर्मेंस देंगे। इस कार्यक्रम को कस्टमर लाखो की संख्या में अटेंड कर सकंगे। वह अपने मनपसंद कलाकारों को मैसेज पोस्ट कर सकेंगे। उनसे किसी खास गाने की गुजारिश कर सकेंगे। दर्शक कलाकारों के साथ बातचीत करने भी करने ये सक्षम होगे।

बायो-बबल का खिलाड़ियों पर हो रहा मानसिक असर:

दुबई (वार्ता)। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने लंबे दौरों के कारण बायो-बबल (जैव सुरक्षा वातावरण) का खिलाड़ियों पर पड़ने वाले मानसिक प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की है।

विराट आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान हैं जो वर्तमान में बायो-बबल का हिस्सा है। भारतीय कप्तान विराट अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ 10 नवम्बर को आईपीएल खत्म होने के तुरंत बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह दौरा फरवरी में समाप्त होगा जिसका मतलब है कि अधिकतर खिलाड़ियों को लंबे समय तक बायो-बबल में रहना होगा। विराट ने आरसीबी टीवी से कहा, ÷यह लगातार हो रहा है. हमारे पास बेहतरीन टीम है इसलिए यह स्थिति उतनी मुश्किल नहीं है। बायो बबल में रह रहे सभी लोग शानदार है जिसके कारण हम साथ खेलने का और बायो बबल में साथ रहने का आनंद उठा रहे हैं लेकिन लगातार बायो-बबल में रहना मुश्किल हो जाता है।

उन्होंने कहा, ÷कुछ चीजों पर विचार करना होगा जैसे टूर्नामेंट या सीरीज की अवधि कितनी लंबी होगी और 80 दिनों तक लगातार एक ही माहौल में रहने और कुछ अलग नहीं करने का खिलाड़ियों पर मानसिक रूप से क्या असर होगा। विराट ने कहा, टूर्नामेंट के बीच में जाकर परिवार से मिलने या इस तरह की अन्य चीजें करने की अनुमति दी जाएगी या नहीं, इन सब चीजों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। आखिर में, आप ऐसे खिलाड़ी चाहते हैं जो मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ हों जो कि इस बात पर निर्भर करता है कि वे कैसा महसूस करते हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., संभाग क्र.-3,
डी-1/17, सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 3942/NIT-13/2020-2021/वलेलि दिनांक : 04/11/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 23/11/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 01/12/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 02/12/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- सभी निविदाओं हेतु ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागित (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
T0110	निर्माण उपसंभाग क्रमांक 1 नवा रायपुर के सेक्टर 17 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न भवनों में पेटी बाजार सप्लाई का कार्य	5.00 5000.00 75000.00
T0111	उपसंभाग क्रमांक-3 नवा रायपुर हेतु 400 बोरी सीमेंट प्रदाय बाबत्। (आई.एस.आई. मार्क एवं 43 ग्रेड, ओ.पी.सी./पी.एस.सी.)	1.00 2000.00 15000.00
T0112	निर्माण उपसंभाग क्रमांक-1 नवा रायपुर हेतु 400 बोरी सीमेंट प्रदाय बाबत्। (आई.एस.आई. मार्क एवं 43 ग्रेड, ओ.पी.सी./पी.एस.सी.)	1.00 2000.00 15000.00
T0113	उपसंभाग अभनपुर हेतु 200 बोरी सीमेंट प्रदाय बाबत्। (आई.एस.आई. मार्क एवं 43 ग्रेड, ओ.पी.सी./पी.एस.सी.)	0.50 1000.00 7500.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क करें।

जी-84792/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 3
रायपुर

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR(C&LM) Block-4, Near CSPHCL Dispensary,Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce.eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2574221 Fax No. 0771-257422
No. 02-05/C&LM/Pur/O.S./1707 Raipur, Dated 05/11/2020

NOTICE INVITATING TENDER

Sealed tenders are invited for following work on contract basis at CSPTCL, Dispensary Bhilai-3 as detailed hereunder:-

S. No.	Tender No.	Description of work	EMD	Tentative Cost	Date of opening
1.	Tender-09	Deployment of 02 Nos.Security Guards	Rs.7,010/-	Rs. 7.01 Lacs	26.11.2020
2.	Tender-202	Supply of Ethical (Branded) Medicines	Rs 19,000/-	Rs 19.00 Lacs	27.11.2020
3.	Tender-10	Deployment of 02 Nos. Staff Nurse, 01 No. Pharmacist & 01 No. Dresser	Rs.15,950/-	Rs. 15.95 Lacs	28.11.2020

For all other details of NIT and terms & conditions , please visit our website: www.cspc.co.in/csptcl/tender/tendernotices/Tender_CSPTCL.htm

//Save Electricity// S.-26932/1 -sd- ED (C&LM) CSPTCL, RAIPUR

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-4784/NIT-28/2020-2021/वलेलि दिनांक : 04/11/2020

निम्नलिखित टेंडर एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं मूल निर्माता या अधिकृत विक्रेता हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्र निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
28 T0269	Providing Electrification work of Honble Minister Binglow C2 at Shankar Nagar, Raipur CG प्रथम आमंत्रण	8.00
28 T0270	SITC of Air Conditioner unit of 3rd Floor Seminar Hall at Central Library Building at Shankar Nagar BTI Campus, Raipur CG प्रथम आमंत्रण	12.53
28 T0273	Electrification work OW/MOW/Deposit/SR and ordinary repair work at Nagri Block under PWD E/M Sub division Dhamtari प्रथम आमंत्रण	15.00
28 T0274	Electrification work OW/MOW/Deposit/SR and ordinary repair work under PWD E/M Sub division Dhamtari District Dhamtari प्रथम आमंत्रण	15.00
28 T0287	जिला धमतरी वि.ख. मगरलोड के मोहरेंगा में शास. हाईस्कूल भवन का विद्युतीकरण कार्य प्रथम आमंत्रण	4.90
28 T0288	Electrical Accecories and repairing items for VIP minister bunglow, govt. office at Pahuna Section at Shankar Nagar under DKS Mantralay Sub division, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण	5.00
28 T0289	Providing annual Comprehensive maintenance and operation of water purifiers system (Domestic/Commercial) at ministers, bungalow, Shankar Nagar Raipur द्वितीय आमंत्रण	4.72
28 T0290	Electrification work to MOW/SR/Deposit/Ordinary maitenance under Pahuna Section, Shankar Nagar Raipur प्रथम आमंत्रण	19.50
व्यवहार न्यायालय भाटापारा के न्यायिक कर्मचारियों के लिए शासकीय आवासगृह का विद्युतीकरण कार्य		
28 T0291	5 नग आईट-टाइप द्वितीय आमंत्रण	5.80
28 6 T0292	नग एच-टाइप द्वितीय आमंत्रण	7.70

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 18/11/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें :- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

जी-84801/4

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

देवभोग एवं फिंगेश्वर विकासखण्ड में बाल विवाह रूकवाया गया

गरियाबंद। जिला बाल संरक्षण समिति गरियाबंद एवं देवभोग थाना पुलिस द्वारा बाल विवाह स्थल पर पहुंचकर रोकथाम व समझाईस दिया गया। प्राप्त सूचना अनुसार ग्राम कैंटपदर, विकासखण्ड देवभोग में 02 बाल विवाह होने की तैयारी चल रही थी। टीम द्वारा बाल विवाह स्थल पर पहुंच कर बालक एवं बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज उनके माता-पिता व ग्रामीणजन के समक्ष जांच किया गया। बालिका एवं बालक की आयु अंकसूची के अधार पर 18 वर्ष से कम होना पाया गया। इसी क्रम में सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम-परसट्ठी, विकासखंड फिंगेश्वर में 01 बाल विवाह होने की तैयारी चल रही थी। टीम द्वारा बाल विवाह स्थल पर पहुंच कर बालक की आयु संबंधी दस्तावेज उनके माता-पिता व ग्रामीणजन के समक्ष जांच किया गया। बालक की आयु अंकसूची के आधार पर 19 वर्ष 10 माह 14 दिन होना पाया गया। टीम द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुये बालक एवं बालिका के माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों को समझाईस दी गयी कि विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना चाहिये। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला/पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी मे आते है। जिन्हे 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये तक जुर्माना हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। सभी लोग टीम की समझाईस पर अपनी सहमती जताई।

सांसद ने ली एफसीआई परामर्शदात्री समिति की बैठक

कवर्धा(नवप्रदेष)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ एफसीआई परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष होने के नाते शनिवार को रायपुर स्थित मुख्यालय में समिति के सदस्यों की बैठक ली। बैठक में छत्तीसगढ़ एफसीआई द्वारा कोरोना काल में किये गए खाद्यान उपलब्धता, इस वर्ष खरीदी के लक्ष्य, हानिकी सुरक्षा तथा परिवहन को लेकर हो रही शिकायतों की समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत सांसद ने कमियों को दूर करने के सुझाव तथा सुरक्षा की चिंता करने के निर्देश दिए। सांसद के साथ प्रमुख रूप से सलाहकार सदस्य के रूप में जशपुर से संकेत पैंकरा ने छत्तीसगढ़ के उत्तरी क्षेत्र में उसना चांवल की मांग व परिवहन व भण्डारण को लेकर समस्या रखी। जिसे महाप्रबंधक अनुपम दुबे ने प्रस्ताव तैयार कर दूर करने की कार्यवाही के लिए प्रस्ताव तैयार करने का आश्वासन दिया। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से श्री राठोर सहित अन्य सदस्य संतोष जैन व श्री अहिरे ने सुझाव रखे। बैठक उपरांत अध्यक्ष सहित सदस्यों के द्वारा पौधारोपण तथा परिसर का अवलोकन कर पोषण के लिए एफसीआई के द्वारा किये गए कार्यो का निरिक्षण किया।

राजीव गॉंधी किसान न्याय योजना के तीसरे किश्त के रूप में 116 करोड़ 60 लाख रुपये जारी

भाटापारा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक राजीव गॉंधी किसान न्याय योजना क्रियान्वयन के अतंर्गत तीसरे किश्त के रूप में 116 करोड़ 60 लाख 91 हजार रुपये जारी कर दिये है।इससे जिले के 1 लाख 50 हजार 298 किसान लाभांवित लाभांवित हुए है। ग्राम अर्जुनी के कृषक राजा चावला ने तीसरे क़िस्त की राशि मिलने से खुशी जाहिर करते हुए कहा की सही समय पर राशि मिलने से किसानो में खुशी है।

लगभग जिले के खेतों में खरीफकी फसल तैयार हो गया है। फसल की कटाई में भी किसान अब आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर रहे है। तैयार फसल को किसान अपने घर मे सुरक्षित स्थनों के साथ कुछ किसान उसे अपने ब्यारा एवं कोठार मे ले जा रहें है। राज्य सरकार द्वारा बोनस सहित 2500 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी से किसानों में बहुत ही उत्साह है। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के नेतृत्व में किसानों के अतिरिक्त लाभ एवं मदद के लिए जिस दूरगामी सोच को लेकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना की जो शुरूआत किया गया है। वह निश्चित ही अपने उद्देश्यों की ओर बढ़ रहा है। इस विपदा,कोरोना के संकट काल मे किसानों को धान के अंतर का राशि का मिलना एक बड़ी राहत प्रदान कर रहा है। इस समय एक किसान अपना सभी पूँजी लगाकर फसल को बेचने की तैयारियों में लग जाते। यह एक बेहत कठिन समय रहता है। इसके साथ ही आने वाले कुछ दिनों में त्यौहारो का मौसम आने वाला है। इस समय मे बोनस का राशि मिलना सभी किसानों के लिए बड़ी राहत है। इसके साथ इस राशि का उपयोग आने वाले रबी फसलों की तैयारी में एवं उनके साथ बीज खरीदी आदि में उपयोगी साबित हो रही है।

मरवाही में मतगणना हेतु प्रशिक्षण संपन्न

- **दिए गए कई अहम निर्देश**
- **मास्टर ट्रेनरों ने त्रुटि रहित मतगणना के लिए दिए टिप्स**

रायपुर। मरवाही विधानसभा उपनिर्वाचन की मतगणना के दौरान इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन एवं डाक मतों की गणना समेत संपूर्ण मतगणना के दौरान सतर्कता संबंधी प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा जिले के अधिकारियों को प्रदान किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मास्टर ट्रेनर श्री यू एस अग्रवाल , श्री श्रीकांत वर्मा एवं श्री मनीष मिश्रा द्वारा मतगणना कार्य में संलग्न निर्वाचन कार्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों,प्रेक्षकों तथा अन्य प्रमुख अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण में ईव्हीएम से मतों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना स्थल पर मतगणना स्टाफ की जिम्मेदारी, मतगणना स्थल पर जाने की पात्रता, मतगणना स्थल पर अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईव्हीएम से मतों की गणना हेतु अपनाई जानी वाली प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण में ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, परिणाम प्रदर्शन तथा संलग्न कर्मचारियों को मौके पर आवश्यक प्रपत्र पूर्ण करने, परिणामों का सारणीयन करने संबंधी जानकारी प्रदान की गई। मतगणना में संलग्न सभी कर्मचारियों को सावधानी के साथ कार्य करने और किसी प्रकार की असुविधा एवं समस्या आने पर वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना स्थल पर मोबाइल लाना वर्जित है।

प्रशिक्षण के दौरान मतगणना के समय के वैधानिक प्रावधानों, आधारभूत संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, डाकमतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी के पर्चियों के अनवार्य सत्यापन हेतु प्रक्रिया, मतगणना केन्द्रों में आधारभूत संरचना, गणना कक्षों में प्रवेश, गणना केन्द्र में बैठक व्यवस्था की प्राथमिकता, गणना स्टॉफ, मतगणना की समाप्ति के पश्चात् ईवीएम तथा निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने की प्रक्रिया, निर्वाचन परिणामों को घोषणा करने की प्रक्रिया, साथ ही परिणामों को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया।

मादक पदार्थ का मोटर सायकल में परिवहन करते 03 आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। पुलिस अधीक्षक आई के ऐलेसेला के द्वारा नशीले पदार्थ गांजा तस्करी के संबंध में निगाह रखते हुए गांजा का अवैध धंधा करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही के सख्त निर्देश के बाद

डा0 जितेन्द्र कुमार यादव द्धक्क (प्रशिक्षु) थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर और निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव के कुशल नेतृत्व में आरोपी 1. हरकु यदु पिता खम्भन यदु उम्र 65 वर्ष साकिन रोहरा , 2. विनोद निषाद पिता बुधराम निषाद उम्र 45 वर्ष साकिन रोहरा 03. कमल साहू पिता सोहन लाल साहू ग्राम रेंडाबोड को मोटर सायकल क्रमांक सोल्ड बिना नंबर के वाहन में 10 किलो वाहन को परिवहन करते रंगे हाथ पकडने में सफलता प्राप्त हुई ।

उपरोक्त सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए थाना निरीक्षक महेश कुमार धुव ने बताया की शुक्रवार को तरेंगा रोड भाटापारा में गांजा तस्करी होने की सूचना पर डा0 जितेन्द्र कुमार यादव द्धक्क (प्रशिक्षु) थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर और निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव के कुशल नेतृत्व में जाँच के दौरान सूचना मिली कि बिना नंबर के एक मोटर सायकल में तीन व्यक्ति अवैध रूप से गांजा लेकर ग्राम तरेंगा की ओर जा रहा है सूचना तस्दीक हेतु घेराबंदी किया गया मारूति शो रूम के सामने तरेंगा रोड में 1. हरकु यदु पिता खम्भन यदु उम्र 65 वर्ष साकिन रोहरा , 2. विनोद निषाद पिता बुधराम निषाद उम्र 45 वर्ष साकिन रोहरा 03. कमल साहू पिता सोहन लाल साहू ग्राम रेंडाबोड को बिना नंबर के मोटर सायकल में 10 किलो गांजा को अवैध रूप से परिवहन करते रंगे हाथ पकडा गया । उक्त आरोपीगण के कब्जा से 10 किलो गांजा (कीमती लगभग 80000 रू), परिवहन में प्रयुक्त वाहन कीमती 45000 को विधिवत जप्त किया गया।

आदर्श गौठानों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

- **गौठान में भी स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने दिये निर्देश**

गरियाबंद। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने शनिवार को विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम भाठीगढ़ और बेहराडीह के आदर्श गौठानों का औचक निरीक्षण कर यहां उपलब्ध व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ विनय कुमार लंगेह भी साथ थे। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने गौठान से संबंधित बिहान महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से रू-ब-रू चर्चा कर उन्हें और बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया। वहीं जनपद सीईओ को गौठान में लोगों के लिए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही गौठान के समीप पशुओं के लिए चारागाह विकसित करने और गौठान के चारो ओर फलदार पौधे लगाने निर्देशित किया। उन्होंने गौठान में बनाये जा रहे वर्मी कम्पोस्ट खाद का अवलोकन किया और समूह की महिलाओ को आमदनी के अतिरिक्त जरिया हेतु अरबी, हल्दी, अदरक आदि भी लगाने का सुझाव दिया।

निर्माणाधीन पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण

कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर और जिला पंचायत के सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह ने भाठीगढ़ भ्रमण के दौरान यहां पर एक करोड़ 62 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने और शैक्षणिक कार्य प्रारंभ होते ही विद्यार्थियों को नये छात्रावास में शिफ्ट कराने निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम अंकिता सोम, जनपद पंचायत के सीईओ नरसिंग ध्रुव, डॉ सुधीर पंचभाई और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर और जिला पंचायत के सीईओ विनय कुमार लंगेह ने गरियाबंद स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का आज निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर केन्द्र के फलोद्यान, बीज रिसर्च, पॉलीहाउस, पोषण वाटिका, बीज गोदाम, दुग्ध उत्पादन केन्द्र, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, अंजोला उत्पादन इकाई का अवलोकन किया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ईश्वर सिंह ले केन्द्र की गतिविधियों और उपलब्धियों के संबंध में विस्तापूर्वक अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर पंचभाई सहित कृषि विज्ञान केन्द्र के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मड़मड़ा में मना राज्योत्सव, भारत माता व छग महतारी की हुई महाआरती

कवर्धा(नवप्रदेश)। बोड़ला ब्लाक अंतर्गत ग्राम मड़मडा़ में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल अधिकार संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य महाआरती की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री ठाकुर संदीप सिंह ने कहा कि हमारा छग निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। यहां की संस्कृति, परंपरा, बोली महान है। छग माता कौशल्या की धरती व भगवान श्रीराम का नैनिहाल है। धान का कटोरा कहे जाने वाला हमारा छग कई क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट पहचान रखता है। हम सभी हमेशा गर्व होना चाहिए कि हम छत्तीसगढ़िया हैं। विशिष्ट अतिथि योग प्रचारक लेखूराम चंद्रवंशी ने कहा कि सभी को कोरोना महामारी को लेकर सतर्क व जागरूक रहना है। उन्होंने कहा कि छग की संस्कृति की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। छग के गौरव को बढ़ाने के लिए सभी प्रयास करें। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के उपसरपंच राधेलाल जायसवाल व वरिष्ठ ग्रामीण अवध राम जायसवाल ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिनिधि सूरज वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश चंद्रवंशी, पंचगण सहित वरिष्ठजन उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों ने लोक पारंपरिक कर्मा ददरिया, सुआ, राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।

दीवाली की तैयारियां जोरों पर, कोरोना कहर

डौंडी। आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डोण्डी में कोरोना का कहर सभी त्योहारों पर पड़ा है। मार्च के बाद से जितने भी त्योहार आए हैं उनके रंग फीके ही नजर आए। कोरोना के डर के चलते त्योहारों का उत्साह भी देखने को नहीं मिला। अब सबसे बड़ा त्योहार आ रहा है। दिवाली पर डोण्डी बाजार की रफ्तार बनी रहती है। गौरतलब है कि दिवाली पर ही मुख्य रूप से बाजार की अर्थव्यवस्था टिकी रहती है।

इस त्योहार पर लगभग हर परिवार कुछ न कुछ खरीदारी जरूर करता है। ऐसे में दिवाली पर ही बाजार में धनवर्षा होती है। कोरोना के इस काल के बीच अब व्यापारियों को दिवाली पर बाजार के रोशन होने की उम्मीद है। उन्हें लगता है कि पहले के सब त्योहार फीके भले ही रहे लेकिन दिवाली कभी फीकी नहीं रहती। ऐसे में बाजार की मंदी को उबारने में दिवाली का सबसे बड़ा योगदान होगा। इसके लिए व्यापारियों ने तैयारियां पूरी कर ली है।

दीपावली सीजन पर ग्रामीणों के आने की भी उम्मीद है। साथ ही स्थानीय लोगों द्वारा खरीदारी करने व सावों की सीजन होने के चलते बाजार मंदी से उबर सकता है। मुख्य रूप से रेडिमेड गारमेंट, बर्तन, किराणा व्यापारियों के साथ साथ अस्थाई तौर पर लगने वाली दुकानों से भी बाजार में रौनक छाएगी।

वाहनों के शो रूम में दिखेंगे ग्राहक

मार्च से लेकर अक्टूबर तक सर्वाधिक नुकसान ऑटोमोबाइल सेक्टर में हुआ है। स्वाधीन जैन के अनुसार वाहनों की बिक्री में आम दिनों की तुलना में 10 प्रतिशत भी नहीं हुई। ऐसे में अब दिवाली पर सर्वाधिक बिक्री होने की उम्मीद है। हालांकि हर साल की तुलना में बिक्री कम होगी लेकिन इस मंदी के दौर में डूबते बाजार को सहारा मिल जाएगा। जानकारी के अनुसार धनतेरस के दिन डोण्डी में 50 से अधिक दुपहिया वाहन बिकते हैं। इस बार आंकड़ा कम होगा लेकिन मंदी से उबारने के लिए काफी होगा।

इलेक्ट्रोनिक शोरूम भी सजे

दिवाली को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक शो रूम भी सज चुके हैं। दीपावली के अवसर पर सर्वाधिक खरीदारी इलेक्ट्रॉनिक आइटम की होती है। इस बार हर साल की तुलना में बिक्री कम रहेगी, लेकिन पिछले मार्च से लेकर अब तक के हालात को देखते हुए काफी बेहतर होने की उम्मीद है। नगर के सभी इलेक्ट्रॉनिक शो रूम संचालक टीनू बाघमार,रूपेश ढ़ेलडिया, आलोक गुप्ता ने बताया की उनकी उम्मीद इन दिनों हिलोरे मार रही है। उनका कहना है कि दिवाली पर होने वाली बिक्री से ही उनका पूरा साल चलता है।

किराना व्यापारी पिंटू जैन,आवेश बाघमार ने बताया कि अब बाजार को दिवाली की सीजन और सावों की सीजन ही बचा सकेगी। यदि अब भी बाजार में रौनक नहीं आई तो हालात और भी बदतर हो सकते हैं। गत 8 माह व्यापारियों ने इसी उम्मीद के साथ निकाल दिए कि आगामी दिवाली सीजन व शादियों की सीजन में बाजार में पैसा आएगा और मंदी से उबर जाएंगे। इस साल को लेकर व्यापारियों की आखिरी उम्मीद है। क्योंकि सभी सीजन भी अधिकांश तौर पर पिट चुकी है।

> दिवाली सीजन का सबसे ज्यादा इंतजार ज्वैलरी शोरूम संचालकों को है। पिछले 8 माह से सावों की सीजन पर भी कोरोना का ब्रेक लगा हुआ है। जून माह तक होने वाले सावों में छूट नहीं मिलने के चलते कई लोगों ने शादियां आगे बढ़ा दी थी और नवंबर व दिसंबर में तय की। हालांकि हालात अभी भी नहीं सुधरे हैं लेकिन अब लोग इन सावों में शादियां कर रहे हैं। साथ ही दिवाली भी है तो सोने चांदी के व्यापार में उछाल आने की पूरी संभावना जताई जा रही है ।
>
> **गज्जू सोनी ,गिरीश सोनी, प्रकाश जैन,** सोना-चांदी के विक्रेता

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रमन किसानी के बारे...

मुताबिक खरीदी कर रहे हैं, लेकिन भाजपा इसमें राजनीति कर रही है, किसानी के बार में रमन सिंह मुझसे ज्यादा नहीं जान सकते।

यूएस इलेक्शन...

पर्यवेक्षक के नियमों के मामले के संबंध में यह राज्य विधायिका को कर्तव्य है न कि अदालत का है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई सबूत नहीं है कि मशीन गलत तरीके से हस्ताक्षरों को सत्यापन कर रही है। इससे पहले शुक्रवार को नेवादा के क्लार्क काउंटी में मतदाता रजिस्ट्रार जो ग्लोरिया ने कहा कि यहां अभी भी लगभग 1,23,000 मतपत्र हैं, जिन्हें क्लार्क काउंटी में समीक्षा, प्रमाणीकृत और सूचीवार रखा जाना है, जिनमें 63,000 तात्कालिक मतपत्र भी शामिल हैं, जिनकी गिनती रविवार को की जाएगी।

अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव की...

सकता हूँ। कानूनी कार्यवाही अभी शुरू हुई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वह कुछ राज्यों में बड़ी बढ़त बनाए हुए थे लेकिन चमत्कारिक ढंग से यह बढ़त कम हो गयी। श्री ट्रम्प ने एक अन्य ट्वीट में कहा इन सभी राज्यों में देर रात तक मुझे इतनी बड़ी बढ़त मिली थी लेकिन अगले दिन यह बढ़त चमत्कारिक ढंग से कम होती चली गयी। हमारी कानूनी कार्यवाही आगे बढ़ने के बाद शायद लीड फिर से बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के लिए बड़े पैमाने पर चुनावी धांधलेबाजी हो रही है।

इसरो ने...

अनुसंधान संगठन (इसरो) का पहला मिशन है। PSLV-C49/EOS-01 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने इसरो और भारतीय स्पेस इंडस्ट्री को बधाई दी है। पीएम ने कहा कि समय पर मिशन को अंजाम देने के लिए कोविड-19 के दौर में हमारे वैज्ञानिकों ने कई बाधाओं को पार किया।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एम.आई.जी. डुप्लेक्स भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एम.डी.-31 फेस-4 में श्री विनय मिश्रा पिता श्री रामानंद मिश्रा को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 23.09.2010 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 13.10.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती ज्योति तिवारी पति श्री प्रमित तिवारी के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 111/20-21
वार्ड का नाम- मदर टेरेसा-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ प्लाट नं. 226/1, इंदिरा चौक श्यामनगर जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती काजल कांती भट्टाचार्य के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती संध्या भट्टाचार्य w/o स्व. काजल कांती भट्टाचार्य, सोमनाथ भट्टाचार्य s/o स्व. काजल कांती भट्टाचार्य रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 07/11/20
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 142/2020-21
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद-60

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चन्द्रशेखर आजाद 60 वार्ड स्थित मकान/ भूमि 60/ए-322 नहर के पास मठपुरैना जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती प्रिया जैन पति श्री पंकज जैन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती गामिनी नाग पिता श्री श्याम लाल नाग ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 143/2020-21
वार्ड का नाम- डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी 61 वार्ड स्थित मकान/ भूमि 61/63/पी/635 अवधपुरी नगर भाठागांव जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती दुरपति बाई पति स्व. श्री निरंजन प्रसाद देवांगन के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती मंजू सारडा पति श्री विजय कुमार सारडा नाग ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-278 श्री नारायण प्रसाद सेन पित श्री निजाम सेन द्वारा आम मुख्त्यार श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पिता श्री लालजी श्रीवास्तव को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 10.05.2012 को अपने नाम पर सेलडीड/लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त आम मुख्त्यार द्वारा उक्त भवन को वर्तमान में अपने पिता श्री लालजी श्रीवास्तव पिता स्व. श्री खुदिलाल श्रीवास्तव निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के दान के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी बेलभाठा, जिला रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्रमांक AAY-113 (1) श्रीमती शबनम खान पति श्री मोहम्मद सलीम खान एवं (2) श्री मोहम्मद सलीम खान, पिता स्व. श्री लाल खान पता- बड़े उरला, पो. थाना व तहसील अभनपुर, रायपुर (छ.ग.) को स्ववित्तीय आधार पर संयुक्त आबंटी के रूप में आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड/पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.09.2011 को निष्पादित करा लिया गया है। आबंटित द्वारा उक्त भवन को सुश्री नीतु सेन पिता स्व. श्री शंकर लाल सेन, पता- वार्ड नं.-03, अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन सुश्री नीतु सेन पिता स्व. श्री शंकरलाल सेन पता- वार्ड नं.03, अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी बेलभाठा, जिला रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्रमांक AAY-357 श्रीमती लतेलीन बाई पति स्व. श्री पुनऊ राम, पता- अटल आवास- 357, थाना व तहसील अभनपुर, रायपुर (छ.ग.) को स्ववित्तीय आधार पर संयुक्त आबंटी के रूप में आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड/ पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30.04.2010 को निष्पादित करा लिया गया है। आबंटित द्वारा उक्त भवन को श्री मनीष कुमार मैत्री पिता स्व. श्री प्यारेलाल मैत्री, पता- आमानाका कुकुरबेड़ा, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्री मनीष कुमार मैत्री पिता स्व. श्री प्यारेलाल मैत्री पता- आमानाका कुकुरबेड़ा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अंतराम साहू पिता स्व. दुकालू साहू निवासी- ग्राम लालपुरकला, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम के द्वारा स्वयं की निजी भूमिस्वामी हक की ग्राम लालपुरकला स्थित भूमि ख.नं. 111/4 रकबा 0.0080 हे. (65 डिसमिल) पर स्थित एक नग सागौन पेड़ की कटाई करने की अनुमति मिलने बाबत् आवेदन पेश किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 11.11.2020 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 27.10.2020
पेशी दिनांक 11.11.2020

सील
तहसीलदार
बोड़ला

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

हिन्दू देवी देवताओं के फोटो युक्त फटाखों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

बेमेतरा। राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ (महिला वाहिनी) प्रदेश अध्यक्ष अर्चना शर्मा, राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ (युवा मोर्चा) बेमेतरा जिला अध्यक्ष ललित चतुर्वेदी, राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ (युवा मोर्चा महिला) बेमेतरा जिला अध्यक्ष वंशिका शर्मा ने दीपावली पर्व पर हिन्दू देवीदेवताओं के फोटो युक्त फटाखो की बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते हुए बेमेतरा कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में लिखा गया है कि दीपावली हिंदुओ का एक प्रमुख त्यौहार है ऐसे में जिस देवी देवताओं की हम पूजा करते है उन्ही को हम अपमान पूर्वक उपयोग में लाया जाना उचित नही है, यह समस्त हिंदुओ की आस्था को ठेस पहुँचाती है, ऐसे हिन्दू देवी देवताओं के फोटो युक्त फटाखो की बिक्री पर रोक लगाने की मांग संघ द्वारा की गई। ज्ञापन देते समय संघ के बेमेतरा जिला उपाध्यक्ष महिला वाहिनी अंशुरानी राजपूत, उपाध्यक्ष युवा महिला वाहिनी सिद्धि तिवारी, बेमेतरा जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा बेमेतरा पुरूषोत्तम यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुयस साहु, महामंत्री बेरला इकाई कुलदीप सेन, युवा धर्म योद्धा सुरहोली अध्यक्ष सोमेश वर्मा, संचालक आलोक वर्मा एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

साजा सोसायटी ने भत्ता की राशि को किया दान

साजा । सेवा सहकारी समिति मर्यादित साजा के संचालक मंडल ने आज समिति कार्यालय में अपने एक वर्ष के बैठक भत्ता की राशि 26400 रुपये दान स्वरूप समिति के आश्रित ग्राम माटरा के शीतला मन्दिर संचालन समिति के सदस्यों को मन्दिर के सौंदर्यीकरण हेतु 11 व ग्राम जगन्नाथपुर के धार्मिक स्थल जैत खाम के सौंदर्यीकरण हेतु 11 हजार 4400 रुपये ग्राम डोंगीतराई में स्थित समिति के श्री बलराम गौ सदन में गौ माता के आहार हेतु दान किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों को राशि सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष कृष्णा राठी, उपाध्यक्ष बल्ला पटेल, चित्ररेखा वर्मा, संचालक रामाधार वर्मा, संतु साहू, उमाशंकर साहू, अनिरुद्ध साहू, झाडूदास कोशले, अशोक वर्मा, चन्द्रशेखर वर्मा, जमुनाबाई जायसवाल, समिति प्रबन्धक सतीश यादव ने प्रदान किया।

विधायक प्रतिनिधी मनोज ने प्रदान किया योजना का चेक

साजा। नगर पंचायत साजा कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल द्वारा मृतक अंतिम संस्कार योजना के तहत लता महेंद्र सोनी वार्ड 2 के निवासी को राशि 2 हजार रुपये का चैक दिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष यूगेश्वर सोनी, संग्राम सिंह राजपूत, प्रदीप सोनी सहित नगर पंचायत साजा के कर्मचारीगण लोकेश शर्मा, भारत भूषण ठाकुर, टुब्लू राम सिन्हा, चंद्रप्रकाश वर्मा, उपस्थित रहे।

राजपूत क्षत्रिय युवा महासभा का आयोजन

खरोरा। राजपूत क्षत्रिय युवा महासभा छ ग 38271 के तत्वाधान मे रायपुर धनेली मे क्षत्रिय युवाओ द्वारा दशहरा शस्त्र पूजन व युवा महोत्सव का आयोजन किया गया।। जिसमे भारी संख्या मे युवाओ ने पहुँचकर विधि विधान से शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षत्राणी नीरू सिंह बिष्ठ जी ने बताया की क्षत्रियो मे शस्त्र पूजन हमारी पुरानी परंपरा है जिसको बचाए रखना अत्यन्त आवश्यक है। आज क्षत्रिय आधुनिकता की चकाचौंध मे अपनी संस्कृति परंपरा को खोते जा रहा है। एक क्षत्रिय को शस्त्र के साथ साथ अपने शास्त्र का भी बोध होना अत्यन्त आवश्यक है।।विशेष अतिथि राजीव सिंह डओड़ जी ने कहा हमारा इतिहास रहा है की हमने देश की रक्षा लिये सब कुछ न्योछावर किया है। परन्तु आज की जरुरत है समाज का हर युवा के पास शिक्षा व स्वरोजगार हो। निशांत ठाकुर, राज सिंह हाड़ा, मन्दाकिनी सिंह भारद्वाज, पूजा सिंह, प्रिन्स परिहार, घनश्याम भारद्वाज,लाला सिंह, गणेश सिंह, मनमोहन सिंह, कल्याण सिंह,सुरज सिंह,राजेश सिंह,मुकेश सिंह पाराशर,पंकज सिंह पारस,सुनील ठाकुर, टिकेन्द्र, बंटी सिंह,लेख सिंह,तरुण सिंह,भुषण सिंह,गुमान सिंह,तुसार सिंह,अनिल सिंह,कैलाश सिंह,प्रदीप सिंह,पुरन सिंह,रिन्कू सिंह एवं समस्त क्षत्रिय समाज उपस्थित थे।।

धान की फसल में बीमारी लगने से इस वर्ष पैदावार में आई गिरावट

खरोरा। खरोरा परिक्षेत्र मे धान कटाई कार्य जोरो पर है जहाँ धान मे आयी बिमारी के चलते पूर्व वर्ष कि तुलना मे इस वर्ष के पैदावारा मे कमी आयी है वही किसानो की मायुसी शासन द्वारा धान खरीदने के समयावधि को लेकर है ।खरोरा सहित आस पास के गावों मे धान के फसलो की कटाई हार्वेस्टर व हाथो की जा रही ,जहाँ किसान फसल कटने के बाद उत्साहित दिखते थे लेकिन इस बार फसल काट चुके किसान मायुस दिखे ।किसानों के मायुसी का कारण शासन द्वारा धान खरीदने के समय यानी 1दिसम्बर के अलावा फसल पैदावार मे कमी को लेकर है जबकि इस बार अन्य वर्षों कि तुलना मे पर्याप्त बारिश हुई लेकिन किसानों कि मेहनत पर धान के फसलो मे आये कटवा ,धुरसा, तनक छेदक व लकवा सहित अन्य धान संबधित बिमारी के चलते फसलो के पैदावार मे कमी आयी । इन सब के बावजूद अब 1दिसम्बर को धान के खरीदने के शासन के आदेश पर किसानों के धान को रखने की समस्याओं से हर रोज सामना करना पड रहा है ।इस सबंध मे प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता व वस्त्र निगम के पूर्व चेयरमैन तिलक राम देवांगन ने बताया की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एक दिसंबर से तय करने का अदूरदर्शिता पूर्ण निर्णय से प्रदेश के किसान खुले बाजार मे औने पोने मूल्य मे बेच हो रहें शोषण का शिकार श्री देवांगन ने आगे बताया कि प्रदेश मे लगभग 42 लाख हेक्टेयर रकबे मे धान की फसल ली जाती है जिसमें औसतन 20 लाख हेक्टेयर रकबे मे हरूना धान (शिर्घ पकने वाली धान की प्रजाति) की फसल ली जाती है जो लगभग पक कर तैयार हो चुकी है 10 नबंवर तक हरूना धान की कटाई पूर्ण हो जावेगी ।

गांव की चौपालों में गूंजती रहे राम की कहानी, इसलिए करना पड़ा संगठन का निर्माण

खरोरा। पुराने समय से यहां गांव की चौपालों मे रामायण पढ़ने और सुनने की परंपरा है। विभिन्न धार्मिक,सामाजिक व सांस्कृतिक अवसरों के साथ-साथ गांव व शहरों मे दो-तीन दिन की वार्षिक रामायण या कहीं-कहीं नौ दिनों की नवधा रामायण का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें दूर-दूर से रामायण मंडलियां पहुंचकर रामायण पाठ करते है। पर आधुनिकता की अंधी दौड़ ने इस परंपरा को काफी क्षति पहुंचाई है। इसी कारण अब गांवों मे रामायण पाठ की परंपरा विलुप्ति की कगार पर पहुंच गई है। पर अब भी कुछ मानस के रसिक है जो इस धर्म की धुरी को बचाए रखने और इसे सुरक्षित रखने मे लगे हुए है।

दरअसल मानस मंडलियों के द्वारा इन दिनों छत्तीसगढ़ मानस संगठन नाम का एक संगठन बनाया गया है।जिसमें छत्तीसगढ़ के पूरे 28 जिलों के रामायण मंडलियां शामिल है। जानकारी के मुताबिक 2500 मानस मंडलियां इस संगठन से जुड़े हुए है। इन मानस मंडलियों के द्वारा रामचरितमानस गान की परंपरा को संरक्षित और संवर्द्धित करने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश स्तर,जिला स्तर तथा ईकाई स्तर पर अलग-अलग पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जो अपने-अपने स्तर पर काम कर रहा है।

परंपरा बचाने संघर्षरत है संगठन

संगठन के संस्थापक सदस्य एवं ऑनलाइन संगोष्ठी के अध्यक्ष लोमश नायक का कहना है कि संगठन के क्रियाकलापों मे मुख्य रूप से सभी जिलों से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संपर्क,संजीवनी बूटी योजना जिसमे सभी शारीरिक कष्ट से जूझ रहे मानव की सेवा। सप्तरंगी योजना जिसमें वृक्षारोपण करना,गांव की सौदर्यीकरण,मानस से मानव को मानवता का दर्शन के लिए संगोष्ठी का आयोजन करना, ऑनलाइन संगोष्ठी, प्रवचन,मीटिंग का आयोजन करना आदि शामिल किया गया है।

2500 मंडलियों का संगठन

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चंपेश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि इस संगठन मे छत्तीसगढ़ के सभी 28 जिलों के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के 2500 मानस मंडलियां शामिल है। जिनका अपने-अपने स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जो प्रेम,भाईचारा,सदभाव,संस्कृति व सहिष्णुता को बढ़ावा देने रामचरित मानस का प्रचार-प्रसार करने मे लगातार लगे हुए हैं। बदलते परिवेश के साथ गांव,शहरों मे रामायण गाने की परंपरा क्षीण हो रही है। जनमानस का इन सब से रूचियां घट रही है। इसी को पुनःस्थापित करने का बीड़ा संगठन ने उठाया है।

पालिकाध्यक्ष ने ड्रॉ निकालकर किया दुकानों का आबंटन

ड्रा से 46 दुकानों का आबंटन किया गया

महासमुंद। हाईस्कूल में पटाखा दुकानों के संचालन को हरी झंडी मिलने के बाद शुक्रवार को पालिका द्वारा व्यापारियों को दुकानें आबंटित की गई। दुकान आबंटन की प्रक्रिया इस बार नीलामी की बजाय ड्रॉ सिस्टम से हुए। यह पहला अवसर है जब पालिका द्वारा नीलामी की बजाय ड्रॉ कर दुकानें आबंटित की गई। अस्थाई पटाखा दुकानों का आबंटन पालिकाध्यक्ष द्वारा पर्ची निकालकर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कोविड काल के चलते व्यापारियों को राहत देने पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने अमानत राशि जमा करने वाले व्यापारियों को ड्रा सिस्टम से दुकानें आवंटित किए जाने का निर्णय लिया।

अस्थाई पटाखा दुकानों की नीलामी के लिए एक दिन पूर्व शहर के आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक शाला हाईस्कूल मैदान में 48 दुकानों के लिए मार्किंग की गई। शुक्रवार को दोपहर तीन बजे यहां पर बोली के लिए पटाखा व्यापारी पहुंचे। नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने दुकानों का आबंटन बोली प्रकिया की जगह पर ड्रॉ कराकर किया। ड्रा से कुल 46 दुकानों का आबंटन किया गया।

हालत पहले जैसे नहीं- प्रकाश

पालिका अध्यक्ष ने कहा 5-6 महीने का लॉकडाउन से सभी की माली हालत खराब है। उन्होंने कहा हर साल दुकान नीलामी में उंची बोली लगाई जाती थी। लेकिन अब हालात पहले जैसी नहीं है। ऐसे में पालिका परिषद की मूलभूत सुविधाओं के साथ सभी पार्षदों की जिम्मेदारी है कि लोगों की स्थिति को समझे। जिसके लिए सभी ने मिलकर नीलामी की जगह कम राशि में पटाखा दुकानों का आबंटन ड्रा से करने पर सहमति जताई।

विष्णु लोधी ने किसानों का आनॅलाइन रिकार्ड दुरूस्त

डोंगरगढ़। जनता कांग्रेस छ.ग जे के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विष्णु लोधी ने एसडीएम को पत्र लिखकर किसानो का ऑनलाइन रिकार्ड दुरूस्त करने के लिए मांग की है । जिलाध्यक्ष विष्णु लोधी ने कहा कि ऑनलाइन रिकार्ड अपडेट नही होने से बहुत से किसान इस बार ध्यान नही बेच पाएगें । किसान ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए पटवारी और तहसील कार्यालय में भटक रहे है इस बदहाल व्यवस्था के कारण किसान खुद को ठगा महसुस कर रहे है सरकार की व्यवस्था कब तक सुधरेगी इसे लेकर अन्नदाता किसान चिंतित ,भयभीत व डरे सहमे से है भुईयां साइड को लांककर दिया गया है जिसे लेकर विष्णु लोधी ने एसडीएम को पत्र लिखकर निवेदन किया है। विष्णु लोधी ने सरकार से सवाल करते हुए आगे कहा कि आखिर क्यों भुईयां साइड को लांक कर दिया गया है जबकि धान खरीदी पंजीयन की अंतिम तिथी 10 नंवबर है तो खरीफफसल धान आंनलाइन अपडेट करने की तारीख क्यों नही बढाया जा रहा है जनता जानना चहती है कही सरकार की मंशा कम धान खरीदी का तो नही जिससे किसान धान ही ना बेच सके । जिन किसानो का फसल खसरा में दर्ज नही है ,किसी कारण छुट गया है ,उन किसानो को एक मौका जरूर मिलना चाहिए । अपडेट नही होने से किसानो को आने वाली खरीफफसल धान से नगद सहीत खाद , बीज जो खरीदे है उसे अदा करने का समय आया है ऐसे में किसानों का धान नही बिकने से किसान कर्ज से लदा जा हुआ है जिसके कारण किसान परेशान है जिलाध्यक्ष विष्णु ने कहा कि सांप्टवेयर अपडेट नही होने से तहसीलदार व पटवारी भी कुछ नही कर पा रहे है और कार्यो का निष्पादन करने व खाता में संशोधन करने में पटवारीयो को दिक्कते आ रही है।

प्रयास आवासीय विद्यालय में नवमीं कक्षा में प्रवेश के लिए में 157 विद्यार्थी हुए शामिल

डौंडी। प्रयास आवासीय विद्यालय में नवमी कक्षा में प्रवेश के लिए गुरुवार को परीक्षा हुई डौंडी के केंद्र में 207 परीक्षार्थियों का पंजीयन हुआ था जिसमें 157 ही शामिल हुए तथा 50 अनुपस्थित रहे डौंडी ब्लाक के लिए स्थानीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था गणित विज्ञान सामाजिक अध्ययन हिंदी से संबंधित 100 प्रश्नों के लिए 100 अंक का प्रश्न पेपर आया था परीक्षा प्रभारी आदिमजाति कल्याण विभाग के मंडल संयोजक लोकेश चतुर्वेदी तथा दशरथ लाल यादव ने बताया कि यह परीक्षा जून महीने में होना था परंतु कोरोना की वजह से प्रसासन द्वारा इसे तीन बार कैंसिल करना पड़ा चौथे बार मे 5 नवंबर को परीक्षा हो रहा है उन्होंने बताया कि प्रयास विद्यालय के लिए बालोद जिले में जिला मुख्यालय बालोद डौंडीलोहारा तथा डोंडी सहित कुल 3 केंद्र बनाए गए हैं यहां से चयनित होने वाले बच्चों को मेरिट के आधार पर रायपुर दुर्ग तथा कांकेर के प्रयास विद्यालय में भेजा जाएगा शासन के निर्देशानुसार सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए बच्चों को दूर दूर बिठा कर परीक्षा संचालन करने के लिए 11 कमरों में व्यवस्था दिया गया है तथा इनके लिए 15 पर्यवेक्षकों की

राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई गई शपथ

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ज्योति पांडे द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण दिलाई गई। राष्ट्रीय एकता दिवस को कोविड-19 निर्देशों के अनुसार पूरी सतर्कता बरतते हुए मास्क का प्रयोग, सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। डॉक्टर ए करीम, डॉ रविंद्र मिश्रा, करुणा दुबे, एमएस वर्मा, डॉक्टर रीता पांडे, डॉ मालती तिवारी, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला संगठन महासमुंद डॉ सी खलको, डॉ पी चेलक, एमआर धीवर, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, सीमा प्रधान, सरस्वती सेठ, एसआर मन्नाडे, मनोज शर्मा, वेद देवांगन, कुंदन देवांगन सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मचेवा से परसकोल सड़क निर्माण के लिए संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन

महासमुंद। मचेवा से परसकोल तक 80.91 लाख की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। आज शुक्रवार को संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर ने सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में प्राथमिकता के साथ सड़क निर्माण कराया जा रहा है। इधर बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है। आज शुक्रवार को मचेवा में सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष भागीरथी चन्द्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में सुखदेव साहू, गोविंद साहू, राजू यादव, किशन देवांगन, सचिन गायकवाड़, कुणाल चन्द्राकर, देवेन्द्र चन्द्राकर, सरपंच किरण धृतलहरे, हेमन्त देवांगन, लीलू साहू, माणिक साहू, तोषण कन्नौजे मौजूद थे।

धान खरीदी करें या 25 हजार एडवांस दें सरकार : किसान संगठन

बिरकोनी। किसानों को अनाज व्यापारियों और दलालों के शोषण से बचाने के लिए दीपावली के एक सप्ताह पहले सरकार धान खरीदी की व्यवस्था करें अन्यथा समस्त पंजीकृत किसानों को 25-25 हजार रुपए एडवांस शीघ्र भुगतान करें। किसान मोर्चा के नेता डीपी चन्द्राकर, अनिल दुबे, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर पाल, ईश्वर साहू, ब्रजबिहारी साहू, परसराम ध्रुव, अलख साहू, उत्तम चंडा, अवध साहू, कुलेश्वर सेन, दीनदयाल साहू, नन्हेंदाऊ निषाद, रूपदास वैष्णव, पूरन साहू, सुखदेव वैष्णव, गोपाल साहू, ताराचंद पटेल ने एक माह देरी से धान खरीदी की कड़ी निंदा की है। साथ ही यह सरकार पर आरोप लगाया है कि किसानों का व्यापारियों द्वारा शोषण और लूट के लिए ढील दी जा रही है। इस नीति से सरकार और धान व्यापारियों की मिलीभगत की बू आ रही है।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर दीपावली पूर्व हाथी से प्रभावित किसानों को दिलाएंगे मुआवजा

डौंडी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर शनिवार को डौंडी क्षेत्र ग्रामो के हाथी से प्रभावित किसानों से मिले और क्षति स्थल पहुँच कर फसल व अन्य तबाही का नजारा करीब से देखा और कहा कि प्रभावित किसान चिंता ना करें, राज्य में कांग्रेस की सरकार है जो किसान हितैषी सरकार है। वे स्वयं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल,वन विभाग मंत्री, क्षेत्रीय विधायक व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया व संबंधित उच्च जनों से मिलकर अपनी बात रखते हुए पूरा प्रयास करेंगे कि दीपावली पूर्व डौंडी वन परिक्षेत्र के हाथियों से प्रभावित किसानों को मुआवजा मिल सके। साथ ही मंत्री भेड़िया से विशेष आग्रह करेंगे कि स्वेक्षानुदान मद से भी 15000 की राशि किसानों को दिवाली पूर्व प्रदाय करें। उन्होंने कहा कि वे भी एक कृषक है तो किसानों की साल भर के मेहनत पर क्षति की मार का महत्व भलीभांति समझते है।उनका डौंडी क्षेत्र आना एकमात्र यही उद्देश्य रहा कि किसानों की क्षति फसल का मुआवजा दिवाली पूर्व मिल सके। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश पौशार्य, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस सचिव भोलाराम नेताम, बीरेंद्र कुमार उंसेड़ी उपाध्यक्ष पीसीसी आईटी सेल कांकेर लोकसभा, महासचिव आशीष कुमार आर्य,पूर्व नपा अध्यक्ष दल्लीराजहरा काशीराम नेताम, जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता रतिराम कोशमा, ब्लाक महामंत्री सुनील राठौर, सुनहेर कोशमा, ब्लाक सचिव रोहित माहला,कार्यकर्ता के ईश्वर राव, बनवाली चिराम प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर के साथ थे।

साधारण सभा की बैठक में प्रियंका ने उठाया चना बीमा का मामला, कहा - जल्द बीमा राशि जारी करे सरकार

गंडई पंडरिया। गुरुवार 5 नवम्बर को जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 2 की सदस्य प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने किसान, क्षेत्र विकास, मनरेगा, पेयजल, सहित विभिन्न मुद्दे मे गंभीरता के साथ बैठक में चर्चा किए है। प्रधानमंत्री फसल बीमा अंतर्गत रबी चना के बीमा की राशि छुईखदान वि.खं. मे लगभग 335 किसानो को प्राप्त नही हुई है जिसे तत्काल राशि जारी करने हेतु मजबुती से बात रखे। श्रीमति ताम्रकार ने कहा की सोसायटी मे गेंहु चना का बीज उपलब्ध नही होने से किसानो को बाजार से बीज खरीदना पड रहा है। जल्द ही बोआई हेतु बीज की पूर्ति हो।

नर्मदा से साल्हेवारा तक सड़क किनारे बने नाली: प्रधानमंत्री सडक योजना मे नर्मदा से साल्हेवारा तक हो रहे चौडीकरण सडक कार्य मे नर्मदा चौक मे दोनो ओर नाली बनाने की मांग रखी है। गंडई से मजगांव तक सड़क चौडीकरण कार्य मे ग्राम मजगांव मे सडक के दोनो ओर नाली बनाने की मांग की है, जिसे अधिकारियो ने बनाने का आश्वासन दिया है। बिरखा से मगरकुंड एवं गंडई से मजगांव सडक कार्य के गुणवत्ताहीन कार्य के जांच की मांग की है। मनरेगा अंतर्गत कार्यो मे गांवो मे कृतबांस, जोम, भोरमपुर, खैरानवापारा, जगमड़वा मे नाली निर्माण की मांग रखी है साथ ही ग्राम पंचायत हनईबन व ग्राम पंचायत कालेगोंदी के आश्रित ग्राम मरतकठेरा मे हुए फर्जी मजदुरी के शिकायत के जांच उपरांत, शिकायत सिद्ध होने पर भी कार्यवाही क्यु नही किया गया इस विषय पर जल्द कार्यवाही की मांग की है।

सोलर पंप टैंक सहित अन्य मांग भी रखी

पेयजल की समस्या को ध्यान आकर्षित कराते हुए ग्राम कटंगी के वार्ड क्र. 1, तेंदुभाटा, खोंधा, अचानकपुर मे सोलर पंप टैंक सहित बनाकर इन गांवो मे पेयजल की समस्या दूर करने का आग्रह किया है। लोक निर्माण विभाग से कहा है कि ग्राम भुरभुसी मे डब्लू बी एम सडक पूरी तरह जर्जर हो चुका है इसे कांक्रीट सडक नाली सहित बनवाने की मांग किए है। वन विभाग मे सहकारी समिति पैलीमेटा के प्रबंधक पद की भर्ती प्रक्रिया की जांच की मांग एवं मनरेगा अंतर्गत पौधा रोपण कार्य की जानकारी मांगी है।

वार्ड पार्षद ने निःशुल्क बांटे गोबर के दिये

राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना को जन-जन तक पहुंचाना उद्देश्य

■ नगर में रहा यह सराहनीय कार्य

गंडई। छत्तीसगढ़ शासन की अति महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना के तहत गंडई के मणिकंचन केंद्र में गोबर की खरीदी किया जा रहा है। गोबर से खाद बनाने के अलावा मणि कंचन केंद्र में नवाचार के रूप में गोबर के दिए भी बनाए जा रहे हैं। इन दियों में से 9 सौ दियों को निजी पैसों से खरीद कर वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद दिलीप ओगरे ने अपने वार्ड के चिन्हांकित गरीब परिवारों जिसमें 9 परिवार सम्मिलित है को 100 नग दिये, 1 लिटर तेल, कपास और मास्क को निःशुल्क बाटकर शासन के योजनाओं से अपने वार्ड वासियों को रूबरू करवाने का प्रयास किया है।

ये परिवार हुए लाभान्वित

प्रतिमा जोशी, जानकी कुर्रे, समाजिक मार्कंडेय, पुष्पा चतुर्वेदी, उर्मिला रात्रे, सरला चौरसिया, शांति बाई जांगड़े, जुगरीबाई बंजारे, मुन्नी बाई बंजारे को वार्ड पार्षद ने दिये बाटे।

इस कार्यक्रम के दौरान राजनांदगाँव जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं राजमहंत महेश दास रात्रे, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद डा.नारायण चतुर्वेदी सोशलमीडिया प्रभारी अमित टंडन, युवा नेता विक्की टंडन, अमित बांधे, मणिकंचन केन्द्र के सुपरवाइजर राखी खान एवं समूह के सभी महिला कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

वार्ड 15 के पार्षद दिलीप ओगरे ने बताया की छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय भूपेश बघेल द्वारा अति महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना के तहत गोबर की खरीदी किया जा रहा है, जिसमें गोबर के खाद एवं दिए बनाया जा रहा है, शासन की महती योजना को लोगों तक पहुंचाने एवं सफाई दीदियों के हाथ बटाने, उनके मनोबल बढाने हेतु मैंने दिए की खरीदी कर अपने वार्ड के गरीब परिवारों को बांटा हैं।

वही वार्डवासी प्रतिमा जोशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक महत्वपूर्ण योजना नगर पंचायत गंडई में गोधन न्याय योजना संचालित किया जा रहा है जिसमें गोबर के दिए बनाया गया है आज हमारे वार्ड के पार्षद दिलीप ओगरे ने हमें 100 नग दिए, 1 लीटर तेल, कपास और मास्क मुक्त में बाटा है जिससे मुझे एवं मेरे परिवार को खुशी प्राप्त हुआ। और कहा की ऐसे ही सरहनीय कार्य नगर के सभी वार्डो मे हो।

कबाड़ की आड़ में नाबालिक बच्चों से करवाता था चोरी की वारदात

■ चोरी का माल खरीदता था व्यापारी

■ कुल कीमती 66900/ रुपए का मशरूका जब्त

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा लगातार जिले में अपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है तथा अति. पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार सोनी तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्याल - श्री बी.आर.मंडावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री मुकेश यादव के द्वारा विगत कुछ दिनो में क्षेत्र में चोरी को रोकने के लिए टीम तैयार कर थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 608/2020 धारा 457 , 380 , भादवि अपराध कमांक 609/2020 धारा 457,380,41134 भादवि एवं अपराध क्रमांक 610/2020 धारा 457 , 380 , 411 , 34 भादवि के आरोपी पता साजी के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जिनका धारा 27 साक्षय अधिनियम का मेमोरेंडम कथन लिया गया जो अपचारी बालक द्वारा एक बड़ा रेकेट का खुलासा किया जो नाबलिक बच्चो से चोरी करा कर चोरी के सामग्री को कम कीमत में खरीद कर उच्च दाम में विक्रय करता था आरोपी इमरान खान पिता स्व. कमरूददीन खान उम्र 42 साल साकिन नवाब पारा कवर्धा से एवं अपचारी बालको से अपराध के सम्बध मे पूछताछ करने पर अपराध क्रमांक 608/2020 धारा 457 , 380 34 मे चोरी गये एक लेप टप , एक मिक्सी एक होम ग्रंथर कुल कीमती 35000 / रूपये अपराध क्रमांक 609/2020 धारा 457 , 380, 411 , 34 भादवि में दो नग मोबाईल फोन , चॉदी की जेवर , एक नग पीतल की थाली , एक लोटा कीमती 30700 / एवं अपराध क्रमांक 610/2020 धारा 457, 380 411, 34 भादवि मे एक काश की थाली कीमती करीबन 1200 रूपये को जप्त किया गया है इस प्रकार अपचारी बालक एवं कवाडी से 66900/का मशरूक जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मुकेश यादव उप निरीक्षक नवरतन कश्यम , सउनि रधुवंश पाटिल सउनि आशीष सिंह , सउनि उमा उपाध्याय प्र. आर. हरि शंकर साहू , प्र. आर. राजकुमार चन्द्रवंशी प्र.आर. 297 चुम्मान साहू आर 494 गज्जू सिह आर.88 देव नारायण आरक्षक 420 बिसेन चन्द्रवंशी , 386 , विवेक सिह आर. 176 लक्ष्मी तिवारी , आर. रामनाथ साहू का सराहनीय योगदान रहा ।

डेम में मिली लापता की सड़ी गली लाश

■ पत्नी ने ही की थी पति की हत्या, गिरफ्तार

■ पत्नी एवं साले ने मिलकर रची थी हत्या की साजिश

गंडई पंडरिया। घटना 3 नवंबर का है जो की प्रार्थी रविन्द्र सिंह निवासी परपोड़ी जिला बेमेतरा कि रिपोर्ट पर उसके साडू भाई धमकौर सिंह सन्यू उम्र 35 वर्ष पैलिमेटा की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी प्रार्थी द्वारा गुमसुदा की पत्नी निशा कौर द्वारा अपने पति के साथ कुछ गलत करने की शफा जाहिर करने पर मामले को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गण्डई राजेश जोशी को अवगत कराकर उनके दिशा निर्देशन पर घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुऐ त्वरित कार्यवाही कर कायमी की तुरन्त बाद ही थाना प्रभारी मोहगांव उप निरीक्षक भोला सिंह अपनी टीम के साथ ग्राम पैलीमेटा रवाना होकर गुमशुदा की पत्नी निशा कौर संन्यु व ससुराल वाले से पूछताछ की गई जो गुम शुदा के अपहरण तथा आत्म हत्या करने संबंधी दिगभ्रमित करने वाली बाते बताने लगे।

गुमशुदा की पत्नी व ससुराल वालों कॉल डिटेल के आधार पर लगातार दो दिनों के कड़ी पूछताछ पर गुमशुदा की पत्नी निशा कौर द्वारा अपने पति चमकौर सिंह की 31 नवंबर की रात्रि अपने भाई जशब्बीर सोनी द्वारा चाकू मार कर हत्या कर शव को पैलीमेटा डेम में फेकना बताई जिसकी तस्दीक हेतु गोताखोर टीम तलब कर 05 नवंबर को गोताखोर टीम की सहायता से गुमशुदा का शव बरामत किया गया। जिसे चादर में लपेट कर दो बड़े वजनी पत्थरों के साथ बांध में फेंका गया था, प्रार्थी द्वारा शव की पहचान चादर व पहने हुये कडे से की गई। प्रकरण के मुख्य आरोपी जशवीर सोनी से पूछताछ कर घटना दिनांक 31 नवंबर की रात्रि अपनी बहन निशा कौर के साथ उसके पति चमकौर सिंह द्वारा मारपीट की जानकारी मिलने पर रात्रि करीब 11:30 बजे दुर्ग से पैलीमेटा आकर अपने जीजा चमकौर सिह सन्यु की चाकू मारकर हत्या करना फिर शव को पन्नी में लपेट कर टाटा मैजिक में लेजाकर मगरकुण्ड के पास पेट्रोल डालकर जलाना बताया फिर दिनांक 02 नवंबर को अपनी बहन को चादर लेकर रात्रि में उक्त शव को पैलीमेटा बाँध में फेकना बताया गया। प्रकरण में आरोपी गण जशबीर सोनी व निशाकौर के विरूद्ध अपराध कमांक 30/12020 धारा 302, 201, 34 भादवि के तहत पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

24 घण्टे के अंदर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

■ 24 घण्टे के अंदर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

■ दामाद ही निकला सासु माँ का हत्यारा, गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। घटना दिनांक 4 नवम्बर की है जो की देवपुरा (गंडई) निवासी को प्रार्थी देवशरण शर्मा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका घर बाहर से ताला लगा हुआ था, जिसकी दूसरी चाबी घर के अंदर थी, पडोस के लडके को दीवार फांदकर निकलवाया जो घर के अंदर इसकी पत्नी सरोज मृत अवस्था में पड़ी थी, सिर से काफी खून निकला था, पास पडे खटिया के खुरा में भी खून के निशान थे, जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 178/2020 धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था, जिस पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गण्डई राजेश जोशी को अवगत कराकर उनके दिशा निर्देशन पर घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुऐ त्वरित कार्यवाही कर दौरान जॉच किया गया और विवेचना के पश्चात मृतिका के बारे मे आसपास पडोस से पूछताछ करने पर पता चला की घटना दिनांक की शाम उसके घर के बाहर उसके दामाद विजय मिश्रा को मोटरसाइकल में देखना ज्ञात हुआ, मृतिका के दामाद को तत्कालिक चोटे भी आई थी, अपराधी से पूछताछ पर बताया की मै अपनी सास सरोज शर्मा से पैसे मांगा लेकिन मेरी सास ने पैसे देने से इंकार कर दिया और आरोपी व उसके खानदान को भलाबुरा कहने लगी जिस पर आवेश में आकर पास पडे लकडी के खूरा से बॉए कान के पीछे मार दिया जिससे सरोज शर्मा की मृत्यु हो गई, जिससे मै घबरा गया फिर घबराहट में आकार घर को बाहर से ताला लगाकर चाबी लेकर वहाँ से भाग गया जिसका रास्ते में एक्सीडेंन्ट होने से आरोपी को चेहरे पर चोटे आई है। प्रकरण में आरोपी के वैशाली नगर भिलाई स्थित किराए के मकान से घटना दिनांक को आरोपी द्वारा पहने कपडे व चाबी तथा उसके भाई की गंजपारा दुर्ग स्थित दुकान से काले रंग की होण्डा साईन सी.जी. 07 ही एच 0246 को जप्त किया गया है, प्रकरण में आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है, इस पूरे मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक सुषमा सिंह, उप निरी. रामनाथ, खुरश्याम, उपनिरीक्षक राकेश साहू, हिम्मत यादव, मुस्तकिम खान, आरक्षक राकेश सोनी, राजेन्द्र साहू, लकेशवर पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बड़ा प्याज 80, छोटा प्याज 60, 50 रू किलो आलू

लवन। एक ओर जहाँ विगत 8 महीने से कोरोना लोगों को रूलाने और परेशान करने का काम कर रहा है वही दूसरी ओर अब सब्जियों के आसमान छूते दामों के कारण भी लोगों के आंखों में पानी आने लगा है, लवन डेली मार्केट में इन दिनों बड़ा प्याज 80 रूपये, छोटा प्याज 60 रूपये किलो बिक रहा है, वही आलू दूकानों में 50 रूपये किलो से नीचे उतर पाया है, जानकारी निकालने पर पता चला कि बाहर से प्याज की आवक नहीं हो रही है, जिसके चलते लगातार प्याज के दामों में उछाल आ रहा है। बाहरी राज्यों के जिन जगहों पर प्याज के उत्पादन होते थे वहां का प्याज नुकसान हो जाने की वजह से दूसरे राज्यों में नहीं पहुंच पा रहा है। वर्तमान में त्यौहारी सीजन होने के चलते प्याज की डिमांड अधिक बढ़ गई है, प्याज की आवक नहीं हो रही है। इसी कारण प्याज के दामों में भारी तेजी है, वही दूसरी ओर लॉकडाउन होने की वजह से भी प्रभाव पड़ा है। वही अधिकांश सब्जी दलाल गोदामों में आलू-प्याज को पैक करके रख दिया है। जिसकी वजह से मूल्य में वृद्धि हो गई है। फिलहाल ग्राहकों को लोकल आवक का इंतजार रहेगा, लोकल आवक में वृद्धि होने पर प्याज व आलू के दाम अपने आप ही नीचे उतर जायेगा।

पुलिस थाने में कबाड़ का अंबार

लवन। जहाँ एक ओर लोगों को पुलिस से उम्मीद रहती है कि उनकी संपत्ति की सुरक्षा पुलिस द्वारा की जावेगी, मगर जब पुलिस की ही संपत्ति बेपरवाह पड़ी हुई खराब हो रही हो तो इस स्थिति में पुलिस से क्या उम्मीद की जा सकती है ? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय लवन नगर में देखने को मिल रही है जहाँ पर हजारों की लागत से बने हुए चौकी के बेरीकेट्स जहाँ तहा पड़ा हुआ खराब हो रहा है। पुलिस विभाग द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू व आमजन को किसी प्रकार की जनहानि न होने के लिए पुलिस विभाग द्वारा हजारों रूपये खर्च करते हुए बेरीकेड बनवाये जाते है तथा जरूरत पड़ने पर लोगों की सुरक्षा में लगाये जाते है। मगर देखा जा रहा है कि इस समय पुलिस अपनी संपत्ति को लेकर जिस प्रकार से बेपरवाह दिखाई पड़ रही है उससे यह अनुमान लग रहा है कि पुलिस अपनी ही संपत्ति को सुरक्षित नहीं रख सकती है तो फिर जनता की संपत्ति को सुरक्षित करने में कहा तक गंभीर रहेगी ? क्योंकि पुलिस विभाग द्वारा आमजन की सुविधा के लिए नगर पुलिस लिये प्रदान किये गये बेरीकेड इस समय नगर में जंहा तहा लावारिश स्थिति में पड़े हुए दिखाई दे रहे है। लवन नगर में लोगों की सुरक्षा में लगाए गए कुछ बेरीकेट्स

तो कचरो व रोड किनारे व जंहा-तहा पड़ी हुई दिखाई पड़ रही है। वही पिछले 8 माह से कोरोना काल होने के चलते यातायात भी पहले की अपेक्षा कम ही चल रहे है। जिसकी वजह से भी पुलिस प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रही होगी ? यातायात का दबाव बढ़ने पर पुलिस द्वारा एक वर्ष पहले नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर जगह-जगह बेरीकेट्स लगे हुए दिख रहे थे। किन्तु वर्तमान में यातायात का दबाव कम होने पर शायद पुलिस प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट नहीं हो पा रहा है। वही इसी प्रकार से बेपरवाह पड़े हुये इन बेरीकेटों को प्रशासन द्वारा इसी प्रकार से नजर अंदाज किया जाता रहा तो निश्चित तौर से यह कबाड़ियों या असामाजिक तत्व की दष्टि से बचा पाना मुश्किल हो जावेगा।

देवकर : गर्भवती महिला का हत्यारा गिरफ्तार

साजा। देवकर निवासी प्रार्थी खेतमल गोलछा उम्र 69 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 4.11.2020 को शाम रात्रि करीबन 7 से 7:30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूटपाट करने के लिए मेरे घर के अन्दर घुसकर मेरे बहू सुमन की हत्या कर दिया है की रिपोर्ट पर चौकी देवकर थाना साजा में अपराध क्र. 412/2020 सदर धारा 302, 379, 460 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानंद सिन्हा के सतत मॉनिटरिंग में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल बैस को निर्देशित कर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला श्रीमती ममता देवांगन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसमें थाना प्रभारी साजा निरीक्षक हरप्रसाद पाण्डेय, चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक बीआर ठाकुर व अन्य स्टाफ को टीम में लगाया गया। चारो ओर से बंद घर में मृतिका की हत्या करना अनेकानेक संदेहों को जन्म दिया। मौका मुआयना से यह भी प्रतीत हुआ कि घटना किसी जानकार व्यक्ति द्वारा ही की गई है। हत्या के प्रकरण में विवेचना के दौरान परीस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मृतिका के परिजन एवं आसपास के लोगो से पुछताछ की गई। डॉग स्काड एवं एफएसएल टीम को बुलाया गया।

प्रकरण में विवेचना के लिए जो टीम गठित हुई थी उनका मौके पर लगातार बने रहने एवं वैज्ञानिक तथा पुरानी पद्धति से मौके को ना छोड़ना लगातार उक्त संबंध में पूछताछ करते रहना और आरोपी पता साजी हेतु उसके रिश्तेदार परिवार आदि के यहां लगातार पुलिस के पुछताछ करने से पुलिस का दबाव बना। लगातार पुछताछ करने पर एक संदेही का नाम उजागर हुआ। जो लॉकडाउन के पहले मृतिका के घर से कुछ ही दुरी पर एक ढाबे में काम करता था। जो घटना के कुछ दिन पहले देवकर में देखा जाना पता चला। जो घटना के बाद से फरार हो गया था।

सुबह और शाम पड़ने लगी ठंड

लवन। नवम्बर के पहले सप्ताह में ही बादलों के छटते ही पारे में गिरावट आई है। दिन में धूप से लोगों को ठण्ड से राहत महसूस हो रही है। पहली बार रात के तापमान में गिरावट शुरू हुई है। जबकि दिन का तापमान अभी औसत पर चल रहा है। शांम ढलने के बाद शीतलहर ठंड का अहसास कराती है ओर सुबह जोरदार ठंड बनी रहती है। आसमान पर छाए बादल अब पूरी तरह छट चूके है। तापमान नीचे आया और उत्तर-पूर्वी हवाओं ने ठण्ड का प्रभाव बढ़ाया। वही शांम ढलने के बाद शीत लहर का प्रभाव शुरू हुआ जो सुर्योदय तक जारी रहा। इसलिए रात में जोरदार ठंड महसूस की जा रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया, जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। अगले 24 घण्टे के दौरान मौसम आमतौर पर शुस्क रहने की संभावना व्यक्त की गई। जैसे-जैसे नवम्बर का महिना बीतता जायेगा मोसम में तेजी से गिरवाट देखा जा सकता है।